वार्षिक प्रतिवेदन और वार्षिक लेखा

2020-2021

राष्ट्रीय बाल भवन
कोटला रोड, नई दिल्ली-110002

भाग क

वार्षिक प्रतिवेदन

2020-21

राष्ट्रीय बाल भवन
NATIONAL BAL BHAVAN

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चे में पहले से
विद्यमान पूर्ण प्रवीणता को प्राप्त करना है।

– स्वामी विवेकानंद

अनुक्रमणिका

भाग क – वार्षिक प्रतिवेदन

अध्यक्ष की कलम से

निदेशक की कलम से

राष्ट्रीय बाल भवन प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों की सूची 31.03.2021 तक

1. परिचय
2. हमारा मिशन, हमारा दृष्टिकोण
3. लक्ष्य और उद्देश्य
4. राष्ट्रीय बाल भवन की संगठनात्मक तालिका
5. सदस्यता संख्या 2020-21
6. गतिविधियाँ – एक नज़र में
7. राष्ट्रीय बाल संग्रहालय
8. राष्ट्रीय प्रशिक्षण संसाधन केन्द्र
9. हमारे कार्यक्रम
10. विस्तृत रिपोर्ट
11. जवाहर बाल भवन, माण्डी
12. दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बाल भवन केन्द्र
13. भारत में संबद्ध बाल भवनों एवं बाल भवन केन्द्रों की सूची
14. राज्य स्तरीय बाल भवन केन्द्र
15. 31.03.2021 को राष्ट्रीय बाल भवन कार्मिकों की सूची

भाग ख – वार्षिक लेखा

I. लेखा परीक्षक की रिपोर्ट 81

II. राष्ट्रीय बाल भवन तुलन पत्र

1. तुलनपत्र 82
2. आय तथा व्यय खाता 83
3. प्राप्ति तथा अदायगी खाता 84

III. अनुसूचियाँ

4. अनुसूची-1 – पूंजीगत निधि 85
5. अनुसूची-2 – निर्धारित/निश्चित/एंडोमेंट निधि 86
6. अनुसूची-3 – वर्तमान देयताएं एवं उपबन्ध 87
7. अनुसूची-4 – अचल परिसंपत्तियां (मूर्त परिसंपत्तियां) 88
9. अनुसूची-5 – निश्चित/एंडोमेंट निधियों से निवेश 89
10. अनुसूची-6 – निवेश अन्य 89
11. अनुसूची-7 – वर्तमान परिसंपत्तिया 90
12. अनुसूची-8 – ऋण, अग्रिम एवं जमा 91
13. अनुसूची-9 – शैक्षिक प्राप्तियां 92
14. अनुसूची-10 – अनुदान एवं सब्सिडी (प्राप्त अप्रतिसंहरणीय अनुदान) 93
15. अनुसूची-11 – निवेश से आय 94
16. अनुसूची-12 – अर्जित ब्याज 94
17. अनुसूची-13 – अन्य आय 95
18. अनुसूची-14 – गत अवधि की आय 96
19. अनुसूची-15 – कर्मचारी वेतन एवं हितलाभ (स्थापना व्यय) 96
20. अनुसूची-15 क – कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति एवं सेवावसान लाभ 97
21. अनुसूची-16 – शैक्षिक व्यय 98
22. अनुसूची-17 – प्रशासनिक तथा सामान्य व्यय 99
23. अनुसूची-18 – परिवहन व्यय 100
24. अनुसूची-19 – मरम्मत एवं अनुरक्षण 100
25. अनुसूची-20 – वित्त लागत 101
26. अनुसूची-21 – अन्य व्यय 101
27. अनुसूची-22 – गत अवधि के व्यय 101

IV. आन्तरिक प्राप्ति खाता

34. तुलनपत्र 102
35. आय एवं व्यय खाता 103
36. प्राप्ति एवं अदायगी खाता 104
37. अनुसूची 4 : स्थायी परिसंपत्ति – 31 मार्च 2021 को परिसंपत्तियों के मुल्यह्रास की सूची 106

V. भविष्य निधि – जी.पी.एफ./सी.पी.एफ.

28. तुलनपत्र 107
29. आय एवं व्यय खाता 108
30. प्राप्ति एवं अदायगी खाता 109

VI. नई पेंशन योजना

31. तुलनपत्र 110
32. आय एवं व्यय खाता 111
33. प्राप्ति एवं अदायगी खाता 112

VII. लेखकरण नीतियाँ एवं लेखा नोट्स

37. अनुसूची-23 – महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियाँ 113
38. अनुसूची-24 – लेखा नोट्स 115

भाग ग – लेखा रिपोर्ट

VIII. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा रिपोर्ट 119

IX. लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुलग्नक 124

अध्यक्ष की कलम से

हमेशा की तरह, हमने इस वर्ष भी अपने कार्यक्रमों को कोविड-19 महामारी के बावजूद अभिनव बनाया है और सभी पहलुओं पर कड़ी मेहनत के बाद नई अवधारणाओं, बड़े सपनों को देखने की आकांक्षा को जारी रखा है। हमारा परिसर 5-16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को बहुआयामी और सहभागी तरीके से सीखने के अनूठे अनुभव हेतु आमंत्रित करता है। रा.बा.भ. अपनी नई विरासत के निर्माण के साथ-साथ गुणवत्ता और उपलब्धियों के साथ अपनी गौरवशाली विरासत का निर्माण करने के लिए अच्छी तरह से तैनात है, ताकि अपनी सभी गतिविधियों के लिए एक अनूठा परिप्रेक्ष्य लाया जा सके।

हालांकि यह वर्ष 2019 पूर्व वर्ष की भांति नहीं है फिर भी 2020 से 2021 तक का यह वर्ष कई नए आश्चर्यों एवं उपलब्धियों से भरा रहा। वैश्विक महामारी की इस अवधि में रा.बा.भ. अपने कार्यालय तथा घरों से प्रेरक वीडियो एवं शिक्षा संबंधी कार्यक्रमों द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन के रूप में आशा की किरण बन कर सामने आया। उन वीडियों को रा.बा.भ. के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया एवं बच्चों के साथ प्रशिक्षकों ने वीडियों चैट और कॉल के जरिये संपर्क बनाए रखा। अत: इन वैकल्पिक दिनों में 50% उपस्थिति पर कर्मचारियों की रोस्टर ड्यूटी परिचालित की गई एवं उसका नियमित रूप से पालन भी किया गया। कर्मचारियों के लिए कई महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए गए। जिनका पालन कर वे स्वयं भी सुरक्षित रहें और आसपास दूसरों को भी सुरक्षित रखा। राष्ट्रीय बाल भवन को नियमित छात्रों के साथ-साथ अनियमित छात्रों से भी अद्‌भुत प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। इस वर्ष भी बच्चे गतिविधियों में सक्रिय रहे। हजारों बच्चों ने वर्चुअल माध्यम से बाल भवन में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया साथ ही महात्मा गाँधी की 150वीं जयंती और 'स्वच्छता अभियान' से संबंधित कई अन्य गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कोविड-19 से बचाव हेतु निर्दिष्ट दिशा निर्देशों का पालन करते हुए परिसर के भीतर व ऑनलाइन के माध्यम से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जैसे: पर्यावरण दिवस, अंतर्राष्ट्रीय दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस एवं मातृभाषा दिवस।

राष्ट्रीय बाल भवन का उद्‌देश्य बच्चों के अपने बारे में और लगातार बदलते परिवेश के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि बच्चे भारतीय मूल्यों एवं आदर्शों को संरक्षित करते हुए मात्र पुस्तकों की सीमाओं से परे खेल-खेल में सीखने का प्रयास करें। राष्ट्रीय बाल भवन ने व्यापक अवधि में बच्चों को शिक्षित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया। भाषा हमेशा से ही हमारी भारतीय संस्कृति और परम्परा में एक समस्या और प्रश्न के रूप में जानी गई है परंतु हमारे (भारतीय) बच्चों द्वारा इस चुनौती को प्रतिबद्धता के रूप में स्वीकार की गई है और वे सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यकृमों के माध्यम से अपने प्राचीन और शाश्वत इतिहास की समृद्ध विरासत को विकसित व उजागर करते रहें हैं। राष्ट्रीय बाल भवन विद्या (ज्ञान), बुद्धिमत्ता (प्रज्ञा) और सच्चाई (सत्य) की खोज

पर आधारित ज्ञान को एक ऐसे सामान्य मंच पर लाने के लिए शिविरों का आयोजन करता है जहाँ बच्चे ''वसुधैव कुटुम्बकम'' की भावना से प्रेरित होकर सभी का सम्मान करना सीखते है, विचारशील बनते हैं और एक-दूसरे की भावनाओं का पोषण करने के लिए माननीय मूल्यों को साझा करते हैं।

राष्ट्रीय बाल भवन ने इस साल एक शानदार शुरुआत की है, लेकिन अभी एक लंबा रास्ता तय करना है, मुझे यकीन है कि सभी हितधारकों के सक्रिय सहयोग से हम रा.बा.भ. के आदर्श उद्देश्य को पूरा कर पाएंगे।

अप्रैल, 2021
नई दिल्ली

आर. सी. मीना
अध्यक्ष

निदेशक की कलम से

राष्ट्रीय बाल भवन एक ऐसी जगह है, जो रचनात्मकता और मनोरंजन से भरी है। यहाँ की गतिविधियाँ अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और प्रयोगों की स्वतंत्रता के इर्द-गिर्द घूमती हैं। हम एक भोले-भाले बच्चे से एक समृद्ध व्यक्ति का निर्माण करते हैं, उन्हें ज्ञान प्रदान करते हैं ताकि वो जीवन के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझ सकें।

राष्ट्रीय बाल भवन का लक्ष्य हर बच्चे की प्रतिभा का पता लगाना और राष्ट्रीय बाल श्री, राष्ट्रीय युवा पर्यावरण सम्मेलन आदि गतिविधियों, कार्यशालाओं और राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों की मदद से उन्हें अवसर प्रदान करना है ताकि वे सीखने और प्रतियोगिता युक्त जीवन में तालमेल बना सकें।

हमारे विश्वास के अनुसार, व्यक्ति का व्यक्तित्व जिस परिवेश में वह रहता है, उसके अनुरूप होता है। रा.बा.भ. बच्चों को समर्थ कर एवं उनकी क्षमताओं का पोषण करने के लिए एक अनुकूलित वातावरण देने के प्रयास के साथ अपना संपूर्ण समर्थन देने की कोशिश करता है ताकि एक मजबूत, कुशल, प्रतिभाशाली और एक रचनात्मक व्यक्तित्व का निर्माण हो सके।

राष्ट्रीय बाल भवन ने सोच समझकर एक वातावरण बनाया जहाँ सभी स्तरों पर खुले दरवाजे के साथ बच्चों का स्वागत है। वर्ष 2020-2021 के लिए इस वार्षिक रिपोर्ट में उपलब्धियों की झलक आपके सामने रखने में मुझे गर्व की अनुभूति होती है। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान ही शैक्षणिक वर्ष 2020-21 की शुरूआत हुई। ऐसी विकट परिस्थिति में राष्ट्रीय बाल भवन के समक्ष भी एक बड़ी चुनौती थी कि वह अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ घरों में बंद बच्चों की मन:स्थिति को समझ सकें एवं गतिविधियों द्वारा उसे संतुलित कर सकें। जहाँ प्रशासनिक कर्मचारियों को अपने-अपने घरों से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया तो वहीं दूसरी ओर सभी कार्यकलाप प्रशिक्षकों को प्रत्येक बच्चे के साथ ऑनलाइन वीडियों व मोबाइल के माध्यम से जोड़ा गया जिससे कि उन्हें लगातार गतिविधियों में व्यस्त रखा जा सके।

वैश्विक महामारी की इस अवधि में रा.बा.भ. अपने कार्यालय तथा घरों से प्रेरक वीडियों शिक्षा संबंधी कार्यक्रमों द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन के रूप में आशा की किरण बन कर सामने आया। इन वीडियों को रा.बा.भ. के यू-ट्यूब चैनल पर उपलोड किया गया एवं बच्चों के साथ प्रशिक्षकों ने वीडियों चैट और कॉल के जरिए संपर्क बनाए रखा। कर्मचारियों के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए जिनका पालन कर वे स्वयं भी सुरक्षित रहे और आस-पास दूसरों को भी सुरक्षित रखा। राष्ट्रीय बाल भवन को नियमित छात्रों के साथ-साथ अनियमित छात्रों ने भी अद्भुत प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई। सभी साप्ताहिक योजनाएं और वीडियों लिंक राष्ट्रीय बाल भवन की वेबसाइट दंजपवदंसइंसइींअंदण्दपबण्पद पर उपलब्ध कराए गए। प्रत्येक कार्यकलाप प्रशिक्षक द्वारा प्रस्तुत की गई साप्ताहिक योजनाओं को यू-ट्यूब, फेसबुक एवं रा.बा.भ. के वेबसाइट पर अपलोड किया गया। सदस्य बच्चों ने भी व्हाट्सएप और वर्बल कॉल की मदद से अपने प्रशिक्षकों के साथ परस्पर संपर्क बनाए रखा।

इस वर्ष रा.बा.भ. ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, स्वच्छता पखवाड़ा, हिन्दी पखवाड़ा, प्लास्टिक मुक्त भारत, संविधान दिवस, बंसत पंचमी, मातृभाषा दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया एवं ध्यान और योग कार्यशालाएं जहाँ पूर्व छात्र व पिछले वर्ष के सदस्य बच्चों ने एक ही मंच साझा किया, साथ ही ऑनलाईन कक्षाओं और कार्यशालाओं के आनंद भी लिया। 02 अक्टूबर को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के वी शहीदों की याद में मौन दिवस मनाया गया।

राष्ट्रीय बाल भवन विकास के आकर्षक रास्ते पर है। यह पहले से ही खुद को अनौपचारिक शिक्षा संस्थान के रूप में स्थापित कर चुका है, लेकिन यह सपना और विकास जिसके लिए संस्थान प्रयास कर रहा है अभी भी बहुत निम्न है।

दीपा

अप्रैल, 2021
नई दिल्ली

दीपा आनन्द
निदेशक

राष्ट्रीय बाल भवन प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों की सूची 31.03.2021 को

1. श्री आर. सी. मीना (संयुक्त सचिव) – **अध्यक्ष**
   स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
   शिक्षा मंत्रालय, शास्त्री भवन
   नई दिल्ली

2. श्री आनन्द प्रकाश – **उपाध्यक्ष**
   आर-2/83, राज नगर
   गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

3. शोभित गुप्ता (निदेशक वित्त) – **शिक्षा मंत्रालय के आई. एफ.डी. प्रतिनिधि**
   स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
   शिक्षा मंत्रालय, शास्त्री भवन
   नई दिल्ली

4. श्रीमती रितु अग्रवाल (निदेशक) – **शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि**
   स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
   शिक्षा मंत्रालय, शास्त्री भवन
   नई दिल्ली

5. श्रीमती दीपा आनन्द (उप सचिव, शिक्षा मंत्रालय) – **सदस्य सचिव**
   निदेशक, राष्ट्रीय बाल भवन
   कोटला रोड, नई दिल्ली-110002

स्वप्न. स्वप्न.. स्वप्न...। स्वप्न विचारों में
और विचार कर्म में परिणत होते हैं।

– ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

परिचय

राष्ट्रीय बाल भवन, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अन्तर्गत एक स्वायत्तशासी संस्था है। यह संस्था 5 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए एक गैर-औपचारिक शिक्षा का केन्द्र है। इसकी स्थापना 1956 में हुई थी। बच्चों को सोच, कल्पना तथा सृजनात्मक व आमोदपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से उन्मुक्त प्रदर्शन के स्वप्न को केन्द्र में रखकर भारत के पहले प्रधानमंत्री द्वारा इसकी नींव रखी गई। बाल भवन देश के चारों कोनों में 141 मान्यता प्राप्त बाल भवनों एवं बाल केन्द्रों के साथ एक आन्दोलन का रूप ले चुका है। इसके अलावा 49 बाल भवन केन्द्र और दिल्ली के माण्डी गाँव में एक ग्रामीण जवाहर बाल भवन भी कार्यरत है। राष्ट्रीय बाल भवन बच्चों को उनकी आयु, दक्षता एवं सामर्थ्य के अनुसार विभिन्न गतिविधियां एवं अवसर उपलब्ध कराकर बच्चों की सृजनात्मक क्षमता का विकास करने, अभिव्यक्ति, प्रयोग, सृजन एवं कलाप्रदर्शन का सामूहिक मंच उपलब्ध कराता है। यह संस्था बच्चों को किसी भी प्रकार के भय अथवा तनाव से मुक्त वातावरण में, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर प्रकार से संभावनाएं प्रदान करती है। राष्ट्रीय बाल भवन व इसकी मान्यता प्राप्त संस्थाओं में बच्चों, विशेषकर समाज के वंचित वर्गों के लिए नियमित कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

इस संस्था का उद्देश्य बच्चों को विविध गतिविधियों, अवसर, विचार-विमर्श, अनुभव, सृजन द्वारा एक सांझे मंच पर कार्य करके सृजनात्मक क्षमता का विकास करना है। बाल भवन बच्चों को सम्पूर्ण सृजन की स्वतंत्रता प्रदान करने के साथ-साथ खेल-खेल की पद्धति से भी सीखने का अवसर प्रदान करता है तथा नृत्य, नाटक, संगीत, सृजनात्मक कला, छायांकन, कम्प्यूटर आदि के माध्यम से उनकी सृजनात्मक क्षमता का विकास करता है। राष्ट्रीय बाल भवन, सभी गतिविधियों के लिए एक केन्द्र स्थल बन बच्चों को एकत्रित करके उनके चहुंमुखी व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भी सुदृढ़ करता है।

प्रत्येक वर्ष हज़ारों की संख्या में बच्चे बाल भवन से जुड़ते हैं। सन् 1956 में मात्र 300 बच्चों की सदस्यता के साथ शुरू हुआ यह आन्दोलन अब लाखों बच्चों का सागर बन चुका है और बच्चे विविध अनुभवों का लाभ उठा रहे हैं। दूर-दराज़ इलाकों के बच्चों तक पहुंचने के लिए दिल्ली राज्य के कई क्षेत्रों में 49 बाल भवन केन्द्रों की स्थापना की गई है। ये बाल भवन केन्द्र सभी पृष्ठ भूमि एवं परिवेश से आए बच्चों की जरूरतों को पूरा करते हैं। माण्डी स्थित जवाहर बाल भवन वस्तुतः राष्ट्रीय बाल भवन की ग्रामीण इकाई है, जो राष्ट्रीय बाल भवन के अधीन संचालित है तथा ग्रामीण जनसंख्या को समानांतर सेवाएं उपलब्ध कराती है। राज्य बाल भवन और बाल केन्द्र, देश के सभी भागों तथा दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में खोले गए हैं और वे सभी जगह समान सेवायें प्रदान कर रहे हैं। राष्ट्रीय बाल भवन सभी के लिए सृजनात्मकता, नवोन्मेष एवं अभिव्यक्ति हेतु सतत प्रक्रिया है, जो बच्चों को पूर्णरूपेण विकसित करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है।

बालश्री योजना मुख्य चार विधाओं अर्थात् सृजनात्मक कला, सृजनात्मक लेखन, सृजनात्मक प्रदर्शन कला एवं सृजनात्मक वैज्ञानिक नवीकरण में 1995 में देश भर में शुरू की गई थी, जिसके द्वारा देश के सृजनशील बच्चों का चयन किया जाता है। अक्तूबर-नवम्बर, 2015 में बालश्री योजना में संशोधन किया गया। 31 मार्च, 2021 तक देश भर में कड़ी चयन प्रक्रिया के माध्यम से 745 बच्चों को पुरस्कार हेतु चुना जा चुका है।

हमारा मिशन

प्रत्येक बच्चे को इस खुशहाल संसार में एक सृजनात्मक, मानवीय एवं नवोन्मेषी एवं अद्भुत परिवेश में पूर्ण रूप से योगदान करने और प्रयास करने के अवसर प्रदान करना।

हमारा दृष्टिकोण

जिज्ञासा एवं दृश्य कला, विज्ञान गतिविधि, शारीरिक क्रियाकलापों आदि के माध्यम से सम्भावनाओं के आनन्द का अवसर प्रदान करना। ऐसे मूल्यों का निर्माण करना जिससे आत्मविश्वास और विश्व के जिम्मेदार नागरिक की भावना विकसित हो सके।

लक्ष्य और उद्देश्य

राष्ट्रीय बाल भवन का लक्ष्य हैं :-

राष्ट्रीय बाल भवन का लक्ष्य है, बच्चों में विश्वास, आत्म-निर्भरता, धर्म-निरपेक्षता की प्रवृत्ति तथा मूल्यों के प्रति प्रेम जागृत करना जिससे वे राष्ट्र को शक्तिवान व सम्पन्न बनाने में योगदान दे सकें। ऐसे ही सृजनात्मक कला, सृजनात्मक लेखन, सृजनात्मक प्रदर्शन कला, शारीरिक शिक्षा, वैज्ञानिक नवप्रयोग, छायांकन, गृह प्रबंधन तथा संग्रहालय तकनीक आदि के शिक्षण की अनौपचारिक पद्धति के माध्यम से बच्चों को अपनी सृजनात्मकता को विकसित करने के अवसर प्रदान करना है। बाल भवन इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु बाल भवन के दर्शन का प्रसार करते हुए कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की सृजनात्मकता को पहचानता है व पोषित करता है।

राष्ट्रीय बाल भवन के उद्देश्य है :-

1 बच्चों को शिक्षा और सृजनात्मकता के लिए अवसर प्रदान करना।

2 बच्चों को ऐसे अनुभव व कार्यकलाप प्रदान करना, जो उन्हें अन्यथा उपलब्ध नहीं होते।

3 स्थानीय विद्यालयों के लिए उनके पाठ्यक्रम संबंधी और पाठ्येत्तर कार्यकलापों को समृद्ध बनाने हेतु कुछ शैक्षिक सेवाएं प्रदान करना।

4 कला और विज्ञान में सृजनात्मक अवधारणा के पोषण के लिए अध्यापन में नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान करना।

5 मनोविनोद गतिविधियों से जुड़े कामगारों और बाल संग्रहालय के कार्मिकों को प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करना।

6 राष्ट्र के लिए प्रोटोटाईप शिशु बाल संस्थान प्रदान करना अर्थात् एक आदर्श बाल भवन स्थापित करना।

7 मनोरंजक और शारीरिक कार्यकलापों के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व और उनकी प्रतिभाओं का विकास करना।

8 सभी वर्गों और समुदायों के बच्चों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक मेल-मिलाप को प्रोत्साहित करना।

9 बच्चों में ऐसे मूल्य अंतर्विष्ट करना, जो उन्हें वैज्ञानिक प्रवृत्ति के साथ-साथ आधुनिक भारत का विकास करने में सहायक हों।

10 उपरोक्त वर्णित कार्यकलापों को एक आंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करना।

राष्ट्रीय बाल भवन की संगठनात्मक तालिका

सदस्यता संख्या 2020-21

राष्ट्रीय बाल भवन, जवाहर बाल भवन, माण्डी तथा राष्ट्रीय बाल भवन के अन्तर्गत चल रहे दिल्ली के 49 बाल भवन केन्द्रों में बच्चे वार्षिक सदस्यता प्राप्त करते हैं।

राष्ट्रीय बाल भवन का सभी क्षेत्रों के बच्चों का सृजनात्मक विकास करना ही केन्द्रीयभूत लक्ष्य है। राष्ट्रीय बाल भवन में बच्चे अनेकानेक गतिविधियों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं और ये गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगींण विकास हेतु तैयार की जाती हैं।

व्यक्तिगत सदस्यता के अलावा दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों, दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के बच्चों को नि:शुल्क संस्थागत सदस्यता प्रदान की जाती है।

सदस्यता संख्या इस प्रकार हैं –

क्र.सं	बाल भवन	पंजीकरण
1.	राष्ट्रीय बाल भवन	कोविड-19 के तहत वर्ष 2020-2021 के दौरान राष्ट्रीय बाल भवन में पंजीकरण संख्या शून्य रही, लेकिन रा.बा.भ. अपने पूर्व सदस्य बच्चों के साथ ऑन-लाईन माध्यम से जुड़ा रहा।
2.	जवाहर बाल भवन, माण्डी	कोविड-19 के तहत वर्ष 2020-2021 के दौरान ऑन लाइन प्रक्रिया द्वारा 115 पंजीकरण संख्या रही।
3.	बाल भवन केन्द्र	.....

वार्षिक संस्थागत सदस्यता संख्या –

क्र.सं.	पब्लिक स्कूल एवं गैर सरकारी संस्थान	नि:शुल्क संस्थाएँ
1	कोविड-19 के तहत वर्ष 2020-2021 के दौरान राष्ट्रीय बाल भवन में पंजीकरण संख्या शून्य रही।	कोविड-19 के तहत वर्ष 2020-2021 के दौरान राष्ट्रीय बाल भवन में पंजीकरण संख्या शून्य रही।

नोट :

1. **प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 5 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए सदस्यता शुल्क 200 रूपये है।**
2. **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग बच्चों के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर सदस्यता शुल्क नि:शुल्क है।**
3. **पब्लिक स्कूल व गैर सरकारी संस्थान से सदस्यता शुल्क 1000 रूपये प्रति वर्ष लिया जाता है।**
4. **राष्ट्रीय बाल भवन में सभी सरकारी स्कूलों को नि:शुल्क सदस्यता प्राप्त है।**

गतिविधियाँ - एक नज़र में

सृजनात्मक कला

सृजनात्मक कला की गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्म-अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान कर उनके सौंदर्यबोध की अलग-अलग विधाओं का विकास करना तथा उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना और उनको कला तथा शिल्प की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराना है। सृजनात्मक शिल्प कला में विविध गतिविधियाँ हैं जिन्हें विभिन्न उप-भागों में विभाजित किया गया है।

मिले-जुले क्रियाकलाप

मिले-जुले अनुभाग, सभी आयु के बच्चों को समान रूप से आकर्षित करता है। अनुभाग में आने वाले विशेषत: छोटी आयुवर्ग के बच्चे आमतौर पर परम्परागत कला का काम करना बहुत पसंद करते हैं। यह एक मल्टीमीडिया अनुभाग होने के कारण बच्चे यहाँ सरलता से एक माध्यम से दूसरे माध्यम पर जा सकते हैं। इस विभाग में सृजनात्मक और जीवन-मूल्यों पर आधारित खेल भी तैयार किए जाते हैं। प्राकृतिक रूप से प्राप्त रंग और तीलियों (ब्रश की बजाय) से बनाई गई परम्परागत लोक कला इस अनुभाग की अनूठी विशेषता है। बच्चे खिलौने और पेपरमैशी व कागज़ के शिल्प की कलात्मक वस्तुओं को बनाना भी यहाँ सीखते हैं। यह विभाग बच्चों को मेहंदी कला, मधुबनी व वर्ली कलाओं से भी परिचित करवाता है।

चित्रकला

इस अनुभाग में बच्चे अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति को क्रेऑन, वाटर कलर, ऑयल कलर, और पेंसिल द्वारा चित्र बनाकर अभिव्यक्त करते हैं। यह कार्यकलाप बड़े बच्चों को भी उतना ही भाता है जितना कि छोटी आयु के बच्चों को। सभी बच्चे इसमें उत्साह से भाग लेते हैं। छोटे बच्चे जहाँ एक ओर अपनी कल्पना के अनुसार चित्र बनाते हैं, वहीं बड़े बच्चे पोट्रेट बनाने, स्केच, प्राकृतिक दृश्य और विषय के आधार पर चित्र बनाने की कला का आनन्द उठाते हैं। बच्चों को बाटिक, टाई एण्ड डाई, ब्लॉक प्रिंटिंग इत्यादि कार्यकलापों की तकनीक भी सिखाई जाती हैं।

हस्तशिल्प

इस अनुभाग की गतिविधियाँ विशेष हैं क्योकि इसमें बच्चों को काम में न आने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं जैसे - पुरानी पत्रिकाएँ, कतरनें, बीज, तार, पत्तियाँ व पेड़ों के तनों की छाल, पुराने कागज़, प्रयोग किए हुए डिब्बे, गत्ते के खाली डिब्बे, बल्ब, बटन, उभरे हुए कागज़, थर्मोकॉल, पुराने अखबार इत्यादि से पदार्थों के साथ प्रयोग करने

की खुली छूट मिलती है। काम न आने वाली वस्तुओं से बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर कृतियाँ और उत्पाद बच्चों की कल्पना और उनकी सृजनात्मक अभिव्यक्ति का परिणाम होते हैं।

बुनाई

इस अनुभाग की बुनाई गतिविधि भी बच्चों की एक लोकप्रिय गतिविधि है, यहाँ बच्चे बुनाई की विभिन्न तकनीकों द्वारा कई प्रकार की कलात्मक कलाकृतियां जैसे – वॉल हैंगिंग, दृश्यावली, लैम्पशेड, टेपेस्ट्री, इत्यादि बनाते हैं। उन्हें सुंदर वस्तुओं के निर्माण की ओर प्रेरित किया जाता है। वे विभिन्न प्रकार की बुनाई, गाँठे लगाना व बुनाई के डिज़ाइन सीखते हैं और दृश्यावली, आसन, तथा छोटी दरियाँ व कालीन स्वयं बनाते हैं।

सिलाई-कढ़ाई

सिलाई-कढ़ाई अनुभाग की गतिविधियों में मैक्रमे, क्रोशिया, सिलाई-कढ़ाई, कठपुतली बनाने, खिलौने बनाने, इत्यादि सम्मिलित हैं। बच्चे जहाँ एक ओर वस्त्रों की कटाई और सिलाई के मूल तत्वों को सीखते हैं, वहीं वे विभिन्न प्रकार के कपड़ों को डिज़ाइन करने, पैच वर्क बनाने और रचनात्मक कढ़ाई का काम भी करते हैं। रूई भर कर खिलौने बनाने की कला भी एक लोकप्रिय गतिविधि है। बच्चे तरह-तरह के हैंगिंग्स बनाने और विभिन्न प्रकार की सजावटी वस्तुएँ आदि तैयार करने का ज्ञान प्राप्त करते हैं जिससे उनकी सृजनशीलता का विकास होता है।

मिट्टी का कार्य

इस अनुभाग की गतिविधि 5 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के मस्तिष्क, हृदय और हाथों का समन्वय बैठाने में सहायक होती है जो बच्चों के मस्तिष्क और शरीर के स्वाभाविक विकास में भी मदद करती है। यहाँ बच्चे मुख, जानवर, चेहरे, दृश्य व मिट्टी की मानव आकृतियाँ एवं डिज़ाईन इत्यादि बनाने सीखते हैं और साथ ही मिट्टी, पेपरमैशी और प्लास्टर ऑफ पैरिस के सांचे बनाने के प्रयोग भी करते हैं। मिट्टी द्वारा कास्टिंग करते हुए यह अनुभाग बच्चों को नवप्रायोगिक कार्य करने और इस प्रकार उनकी सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने के प्रयास करता है।

जिल्दसाज़ी

जिल्दसाज़ी अनुभाग की गतिविधि भी बच्चों में अत्यंत लोकप्रिय है क्योंकि इस गतिविधि के द्वारा बच्चों किताबों को सुन्दर और सुरक्षित बनाना सीखाया जाता है। इस अनुभाग में जिल्दसाज़ी की तकनीकी कुशलताओं को जानने के अतिरिक्त बच्चे कार्डबोर्ड की सुंदर वस्तुओं को निमार्ण करना भी सीखते हैं, जिनमें गत्ता काटना, चिपकाना व सिलाई करना इत्यादि शामिल हैं। बच्चों को कई अन्य सृजनात्मक गतिविधियाँ भी बताई जाती हैं और वे उसकी विभिन्न वस्तुएँ जैसे छोटी डायरी, फाइल कवर तथा कैसेट स्टैण्ड, पेन स्टैण्ड, तथा अन्य नई प्रकार की वस्तुएँ निर्माण करना यहाँ सीखते हैं।

काष्ठ शिल्प

काष्ठ शिल्प अनुभाग में बच्चों को सृजनात्मक विधि द्वारा काष्ठ कला का ज्ञान दिया जाता है। बच्चों को लकड़ी की वस्तुओं का निर्माण करने में काम आने वाली विभिन्न तकनीकों का ज्ञान दिया जाता है। बच्चे विभिन्न प्रकार की लकड़ियाँ, उनकी बनावट का आधार व उनकी टिकाऊपन की पहचान करना भी सीखते हैं। बच्चों को वुडन फ्रेम पर वुड कटिंग द्वारा म्यूरल बनाने की तकनीक, सॉ-डस्ट से पेपर पर चित्रांकन करना भी सिखाया जाता है तथा बच्चे विभिन्न प्रकार की लकड़ी से काम में आने वाली कई वस्तुओं जैसे :- पेन-स्टैण्ड, छोटे बॉक्स, खिलौने, पेन होल्डर, डिब्बे, पॉट कवर, इत्यादि निर्मित करना भी सीखते हैं। उन्हें लकड़ी में नक्काशी का काम भी सिखाया जाता है और वे नक्काशी द्वारा सुंदर वस्तुयें भी बनाना सीखते हैं। उन्हें बेकार लकड़ी के टुकड़ों व बुरादे को रचनात्मक रूप से जोड़कर सुंदर दृश्य एवं तरह-तरह की आकृतियाँ बनाना भी सिखाया जाता है।

विज्ञान कार्यकलाप

इस अनुभाग में विज्ञान, प्रयोगशाला का एक विषय न होकर एक बड़ी प्रयोगशाला का अंग है, जिसके माध्यम से बच्चा जिंदगी की दिन-प्रतिदिन होने वाली घटनाओं से वैज्ञानिक सिद्धांतों को जोड़कर अपने ज्ञान को बढ़ाता है। राष्ट्रीय बाल भवन बच्चों को विभिन्न दिलचस्प गतिविधियों में शामिल करके विज्ञान के आधारभूत सिद्धान्तों को बच्चों को समझाने में विश्वास रखता है। बाल भवन की विज्ञान-शिक्षण प्रणाली का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है "एकीकृत पद्धति" जिसमें विज्ञान को अन्य गतिविधियों का अखण्ड हिस्सा बनाया गया है।

विज्ञान अनुभाग के विभिन्न उप-अनुभाग हैं जो बच्चों को विज्ञान के नियम और सिद्धांत सीखने में मदद करते हैं। बच्चों को भौतिक एवं प्राकृतिक विज्ञान के अतिरिक्त दैनिक जीवन में विज्ञान से भी परिचित कराया जाता है। उप अनुभाग के कार्यकलापों में रेडियो-इलेक्ट्रॉनिक्स, एअॅरो मॉडलिंग, मशीन मॉडलिंग, खगोल विज्ञान, कम्प्यूटर, मछलीघर एवं छोटा चिड़ियाघर, क्यों और कैसे क्लब और पर्यावरणीय कार्यकलापों के साथ-साथ क्षेत्रीय भ्रमण और विज्ञान से संबंधित फिल्म शो आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वे इन पर यथार्थ परीक्षण, पोस्टकार्ड पोस्ट करना तथा अन्य कई गतिविधियाँ भी कर सकते हैं। बाल भवन में विज्ञान कार्यकलापों में भाग लेने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि बच्चे स्कूल में विज्ञान के विद्यार्थी हों बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि उसमें 'क्यों' और 'कैसे' की उत्सुकता और सीखने की इच्छा हो। विज्ञान शिक्षा के अंतर्गत निम्न उप-अनुभाग बच्चों के लिए कार्य करते हैं। इस अनुभाग में समय-समय पर विशेष फिल्म-शो तथा शिविर भी आयोजित किए जाते हैं –

विज्ञान अनुभाग की निम्न उप अनुभाग हैं –

भौतिक एवं प्रकृति विज्ञान (कैसे और क्यों क्लब)

कैसे और क्यों क्लब अनुभाग में विज्ञान से सम्बंधित परियोजनायें लेने के इच्छुक बच्चों की जिज्ञासा का समाधान करने के लिए इस क्लब का सृजन किया गया था। शैक्षिक यात्रायें, वैज्ञानिक प्रश्नोत्तरी, सृजनात्मक वैज्ञानिक मॉडल बनाना, प्रयोग करना आदि क्यों और कैसे क्लब की कुछ गतिविधियाँ हैं जो बच्चों का ज्ञान बढ़ाती हैं और उन्हें नया सीखने को उत्साहित करती हैं। विषयक कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं। परीक्षण व वैज्ञानिक खेलों के लिए बच्चों को प्रयोगशाला उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं।

अन्वेषक क्लब

अन्वेषक क्लब अनुभाग में बच्चों को प्रयोग एवं नवोन्मेषी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, क्योंकि वे मशीन मॉडलिंग के अवधारण से लेकर इन्हें डिज़ाइन करने तथा अन्ततः निर्माण करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं द्वारा ज्ञानवर्द्धक कार्य सीखते हैं।

रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक्स क्लब

रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक्लस अनुभाग में 10 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को सदस्यता दी जाती है। यहाँ बिजली के मूल सिद्धांत, बिजली के तार लगाना और घरेलू उपकरणों की स्वयं मरम्मत करना, सर्किट के साथ नए प्रयोग, रेडियो और टी.वी. के पुर्ज़े जोड़ना जैसे अनेक कार्यकलाप सिखाए जाते हैं। यहां बच्चे डिजिटल घड़ियों और नई ऊर्जा-युक्तियों जैसे-सौर ऊर्जा के मॉडल के जटिल सर्किट का भी ज्ञान प्राप्त करते हैं। विश्व में बढ़ती हुई विकसित संचार व्यवस्था की आवश्यकता को देखते हुए अधिक से अधिक लोग 'हैम रेडियो क्लब' के सदस्य बन रहे हैं। राष्ट्रीय बाल भवन में भी रेडियो शौकीनों (एमेच्योर) के क्लब की शुरूआत की है, ताकि इस क्लब के सदस्य बच्चे अपने-अपने घरों में 'हैम स्टेशन' की स्थापना कर आपसी सम्पर्क स्थापित कर सकें।

एअॅरो मॉडलिंग

राष्ट्रीय बाल भवन में बच्चों हेतु एअॅरो मॉडलिंग जैसा महंगा शौक भी उपलब्ध है। यहाँ बच्चे वायुगति के मूलभूत सिद्धांतों से लेकर विभिन्न प्रकार के वायुयानों के मॉडल बनाना सीखते हैं इसके साथ ही विमानों के अपने मॉडल उड़ाने का आनन्द भी उठाते हैं। इस कार्यकलाप का उद्देश्य बच्चों में विमानन और उससे संबंधित विज्ञान में रुचि पैदा कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस अनुभाग द्वारा 'मॉडल रॉकेट्री' की कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं।

कम्प्यूटर

कम्प्यूटर एक बहुत ही लोकप्रिय कार्यकलाप है जो दिन-प्रतिदिन अधिकाधिक बच्चों को आकृष्ट कर रहा है। बच्चे कम्प्यूटर की आरंभिक भाषा सीखने के साथ-साथ कार्यक्रम बनाना (प्रोग्रामिंग करना) भी सीखते हैं। बच्चों को बड़ी संख्या में यहाँ विज्ञान के विषयों पर सॉफ्टवेयर और कम्प्यूटर खेल उपलब्ध कराए जाते हैं। कम्प्यूटर का यह कार्यकलाप स्कूली शिक्षा का संपूरक है। राष्ट्रीय बाल भवन इंटरनेट सम्बंधी जानकारी भी उपलब्ध कराता है, ताकि बच्चे आधुनिकतम प्रणाली से अवगत हो सकें। इस अनुभाग में अनेक सार्थक एवं नई प्रणाली की कार्यशालाएँ तथा संगोष्ठियाँ भी आयोजित की जाती हैं। बच्चे "फोटोशाप" एवं "डिजिटल प्रिंटिंग" तकनीकें भी सीखते हैं। साइबर सुरक्षा के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया जाता है।

पर्यावरण

हरित वाहिनी आंदोलन का आरंभ 19 नवम्बर 1986 में हुआ था। इसी मुहिम को आगे बढ़ाने हेतु पर्यावरण विभाग की स्थापना की गई थी। वनस्पति एवं जीव के अनुरक्षण के साथ-साथ संस्कृति, हस्तशिल्प, लोककला, साहित्य स्मारको आदि के बचाव के लिए भी पर्यावरण अनुभाग द्वारा जागरूकता फैलाई जाती है। वर्षा जल संरक्षण एवं सौर उर्जा संबंधी प्रोजेक्टों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। फील्ड यात्रायें, सर्वेक्षण, व्यर्थ सामान आदि की री-साइक्लिंग जैसी गतिविधियों द्वारा बच्चों को उनके आस-पास के वातावरण के प्रति जागरूक किया जाता है। अधिक से अधिक बच्चों में जागरूकता फैलाने हेतु वर्ष 1990 से अभी तक प्रति वर्ष युवा पर्यावरण वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित किया जाता है। देश के विभिन्न भागों से बच्चे देश की किसी भी एक चयनित जगह पर एकत्रित हो पर्यावरण के विभिन्न सामाजिक, भावनात्मक एवं सांस्कृतिक पहलूओं पर विचार-विमर्श करते हैं।

खगोल विज्ञान

आकाश अपने भीतर अनजान आकाशगंगाओं से संबंधित अनेकानेक अनसुलझे रहस्यों को समेटे हैं। यह मानना है कि अतिप्राचीन काल से मनुष्य इन रहस्यों को समझने में लगा हुआ है। राष्ट्रीय बाल भवन में कम लागत के एक तारामंडलीय एकक की स्थापना की गई है। बच्चे इस कार्यकलाप में आनंद लेते हैं। वे आकाश के ग्रहों और तारों आदि के बारे में अधिक जानकारी लेने के लिए उत्सुक रहते हैं। कुछ वर्ष पहले विभाग द्वारा दिल्ली के बच्चे हेतु एवं सार्क (SAARC) देशों के बच्चों हेतु "दूरबीन बनाने की कार्यशाला" भी आयोजित की गई।

मछली घर तथा जीव-जन्तु कार्नर

इस अनुभाग में बच्चे जीव विज्ञान की मूलभूत जानकारी हासिल करते हैं। अनुभाग द्वारा अपना मछलीघर बनाएं, जीवजन्तुओं से सम्बंधित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। बच्चे मछली के अंगीकरण, अनुपालन, समुद्री जीवन, समुद्री वनस्पतियों आदि की अवधारणाओं को सीखने का ज्ञान प्राप्त करते हैं तथा वे जीव-जन्तुओं और पालतू जानवरों की आदतों, खानपान व रहन-सहन की परिस्थिति अनुकूलन का ज्ञान प्राप्त करते हैं। इससे बच्चों में जीव जन्तुओं के प्रति अनुपालन की इच्छा पैदा होती है।

पुस्तकालय

राष्ट्रीय बाल भवन के पुस्तकालय में बच्चों के लिए ढेर सारी मनोरंजक पुस्तकें हैं। ये पुस्तकें कला, शिल्प, संस्कृति, साहित्य, विज्ञान, गणित, पत्रकारिता व कंप्यूटर, कहानियों और कविताओं आदि विषयों पर हैं। यहाँ एक संदर्भ अनुभाग भी है। पुस्तकालय में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, तमिल व बंगला आदि अनेक भाषाओं की पुस्तकें भी हैं। बच्चों के लिए विभिन्न पत्रिकाएँ भी इस पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त इस विभाग द्वारा सृजनात्मक लेखन की गतिविधि भी आयोजित की जाती है जिसमें बच्चे विभिन्न विषयों पर लिखते हैं।

बच्चों के लिए साहित्यिक कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। इन कार्यशालाओं के दौरान बच्चे विभिन्न लेखकों व कवियों आदि से परिचर्चा द्वारा अपनी लेखन क्षमता और कौशल को विकसित करते हैं। यहाँ पर कहानी सुनाने के सत्रो का आयोजन भी होता है। इस विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, पुस्तकों पर परिचर्चा, आशु-भाषण, विभिन्न सामाजिक एवं प्रासंगिक वाद-विवाद आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अनुभाग में हर उम्र के बच्चे आनंद लेते हैं और उनकी अभिव्यक्ति की क्षमता भी निखरती है। राष्ट्रीय बाल भवन बाल रचनाकारों को एक सामूहिक मंच प्रदान करता है।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्ननुसार हैं –

- वाचन प्रतियोगिता
- प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम
- सृजनात्मक लेखन
- कविता-रचना, काव्य-पाठ
- नवीन पुस्तकों की समीक्षा एवं परिचर्चा
- कहानी लेखन, आशुभाषण
- स्लोगन लेखन, आलेख लेखन

छायांकन (फोटोग्राफी)

राष्ट्रीय बाल भवन में छायांकन गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को छायांकन से जुड़े विभिन्न कार्यों जैसे- छायांकन का इतिहास, व डिज़िटल कैमरे, साधारण कैमरे के विभिन्न अंग, उन्हें व्यवहार में प्रयोग करने की तकनीक आदि से परिचित कराने के साथ-साथ अभिनव तरीकों का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। छायांकन के द्वारा बच्चे विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों, पशु-पक्षियों, उनकी आदतों, तरह-तरह की इमारतों, विभिन्न भौगोलिक स्थानों और वहाँ रहने वाले लोगों की जीवन शैली आदि की फोटो खींचने के साथ-साथ उनके विषय में जानकारी भी प्राप्त करते हैं। बच्चे रोचक दृश्यों को चित्रों द्वारा संजोने व आधुनिक तरीकों का प्रयोग कर छायांकन की दक्षता में निखार लाना भी सीखते हैं। बच्चे फोटोशाप की सहायता से काफी टेबल पुस्तक बनाना भी सीखते हैं।

इस विभाग द्वारा वीडियोग्राफी की कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं, जहाँ बच्चों द्वारा वीडियो कार्यक्रम निर्मित किए जाते हैं। स्क्रिप्ट लेखन, कैमरा संचालन, संवाद व ध्वनि रिकार्डिंग से लेकर फिल्म निर्माण तक सभी कार्य बच्चों की टीम द्वारा प्रशिक्षकों की देख-रेख में किए जाते हैं। इस विभाग द्वारा विभिन्न विषयों पर फोटोग्राफी प्रदर्शनियाँ भी लगाई जाती हैं जिनमें बच्चों द्वारा किए गए कार्य को प्रदर्शित किया जाता है।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्नानुसार हैं –

- डिज़िटल फोटोग्राफी
- फोटोशॉप तकनीक द्वारा डिज़िटल एनहेंसमेंट
- प्रकृति, स्मारक आदि की तस्वीरें लेने हेतु भ्रमण यात्रा एवं विरासत वाक
- फोटो प्रदर्शनी
- फोटोग्राफी ट्रेनिंग
- व्यस्कों हेतु कार्यक्रम

प्रदर्शन कला

प्रदर्शन कला अनुभाग की विभिन्न गतिविधियाँ बच्चों को आत्म-अभिव्यक्ति के द्वारा अपनी कल्पना का विकास करने तथा उसे साकार रूप देने और अपनी प्रतिभा को पहचानने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस विभाग में बच्चे नाटक, नृत्य, संगीत, वाद्य संगीत आदि कई प्रकार की सृजनात्मक गतिविधियाँ सीखते हैं। बच्चे अपने परंपरागत लोक संगीत एवं नृत्य की विभिन्न शैलियों के विषय में जानकारी व ज्ञान भी इस अनुभाग में प्राप्त करते हैं।

प्रदर्शन कला गतिविधि विभाग में निम्न उप-अनुभाग हैं –

- कंठ संगीत (शास्त्रीय एवं लोक)
- वाद्य संगीत - सितार (तबला एवं हारमोनियम में)
- शास्त्रीय नृत्य (कत्थक, भरतनाट्यम)
- लोकनृत्य
- नाट्यकला

शारीरिक शिक्षा

खेल और शारीरिक गतिविधियाँ सभी आयु के बच्चों को प्रिय हैं। राष्ट्रीय बाल भवन के शारीरिक शिक्षा अनुभाग बच्चों के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियाँ उपलब्ध कराता है जैसे :- टेबल-टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल व जूडो और स्केटिंग सिखाई जाती हैं। व्यायाम एवं शरीर को सुडौल बनाने के लिए इस विभाग के पास अपना जिम्नेज़ियम भी है। बच्चे प्रशिक्षकों की देखरेख में न केवल विभिन्न प्रकार के खेलों की जानकारी प्राप्त करते हैं, बल्कि उन्हें अपनी रचनात्मकता बढ़ाने और रचनात्मक खेलों को बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

इस विभाग द्वारा आयोजित जूडो एक ऐसी गतिविधि है जिसके कारण इस संस्थान को बहुत सम्मान मिला है। राष्ट्रीय बाल भवन को ऐसे बच्चों को प्रशिक्षित करने का गौरव प्राप्त है, जिन्होंने न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता पाई है। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अंर्तविद्यालय जूडो टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं, जिनमें विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं के बच्चे भाग लेते हैं और उसका आनन्द उठाते हैं।

स्केटिंग रिंक भी बच्चों के बीच बहुत लोकप्रिय है और संभवत: यह दिल्ली की सर्वोत्तम स्केटिंग रिंकों में से एक है। शारीरिक शिक्षा विभाग, अंतरविद्यालयी क्रिकेट और फुटबॉल प्रतियोगितायें भी यहां आयोजित करता है, जिनमें विभिन्न स्कूलों के बच्चे भाग लेते हैं और इसका आनंद लेते हैं। राष्ट्रीय बाल भवन के खेल के मैदान और शारीरिक शिक्षा विभाग की अन्य सुविधाएँ बाल भवन के सदस्य विद्यालयों को भी उपलब्ध कराई जाती हैं। यह विभाग विभिन्न प्रकार की साहसिक यात्राएँ ट्रैक और फील्ड ट्रिप आदि भी आयोजित करता है। हाल में ही निशानेबाजी एवं कैरम की गतिविधि भी आरंभ की गई है।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्नानुसार हैं –

- इन्डोर व आउटडोर खेल (टेबल टेनिस, बैडमिंटन, क्रिकेट, बॉस्केट बॉल, निशानेबाजी, चैस, कैरम)
- जूडो
- स्केटिंग
- व्यायामशाला (आंतरिक एवं बाह्य)

गृह प्रबंधन

गृह प्रबंधन विभाग में बच्चों को अच्छी और सुचारू गृह व्यवस्था के विभिन्न आयामों/पक्षों से परिचित कराया जाता है। यहाँ बच्चे विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थों की नई-नई विधियाँ बनाना सीखते हैं। स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक और लाभकारी भोजन बनाना सीखते हैं और बनाते हैं जिससे बच्चे खाना बनाने में आत्मनिर्भर बनते हैं। बच्चों को रसोई का बजट बनाना और उसमें आने वाले खर्च का आंकलन करना भी सिखाया जाता है। बच्चों के साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता, साफ़-सफ़ाई के बारे में नियमित रूप से चर्चाएँ की जाती हैं। उनके लिए भोजन अनुरक्षण की प्रयोगात्मक कक्षाएँ भी आयोजित की जाती हैं जो उनके लिए लाभकारी होती हैं। गृह-प्रबंध अनुभाग द्वारा पुष्पसज्जा (इकेबाना), बेकरी आदि की विभिन्न कार्यशालाएँ भी संचालित की जाती हैं।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्नानुसार है –

- गृह-प्रबंधन
- पाक-कला, बेकिंग
- भोजन-परिरक्षण
- पुष्प-सज्जा

संग्रहालय तकनीक

राष्ट्रीय बाल भवन का राष्ट्रीय बाल संग्रहालय विभिन्न अवसरों पर थीम आधारित प्रदर्शनियाँ लगाकर बच्चों का ज्ञानवर्द्धन करता है। इस बाल संग्रहालय में कुछ स्थायी प्रदर्शनी की दीर्घाएं हैं, जिन्हें देखने के लिए प्रतिदिन हज़ारों बच्चे आते हैं और ये प्रदर्शनियाँ स्कूली शिक्षण पद्धति की अनुपूरक और प्रतिपूरक भी हैं। राष्ट्रीय बाल संग्रहालय की एक गतिविधि है "संग्रहालय तकनीक क्लब", जिसमें मिट्टी के मोल्ड से सांचा बनाने तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस द्वारा "कास्ट" (प्रतिकृति) बनाने की साधारण तकनीक से लेकर "पीस मोल्ड" बनाने जैसे जटिल कार्य भी सिखाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त इस विभाग में बच्चों को माउंटिंग, आलेख-लेखन एवं प्रदर्शनी लगाने की तकनीक इत्यादि से भी अवगत कराया जाता है। बच्चों को यहाँ इस प्रकार के अनुभव कराए जाते हैं, जिनसे उनके प्रकृति, इतिहास, संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संबंधी ज्ञान का विस्तार होता है।

विषयगत और पाठ्यक्रम पर आधारित कार्यशालाओं द्वारा बच्चों को अपने देश की प्राचीन सभ्यता, अपने इतिहास, उसकी प्राचीन धरोहर और संस्कृति से अवगत कराया जाता है, जिनमें बच्चों को उत्खनन-स्थलों पर ले जाकर प्रत्यक्ष अनुभव कराया जाता है। इस प्रकार का प्रत्यक्ष अनुभव उनके ज्ञान का विस्तार करता है। बच्चों के लिए विशेष कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं और बच्चों को अनुभव देने के लिए विभिन्न ऐतिहासिक स्मारकों पर भी ले जाया जाता है।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्नानुसार हैं –

- सांचा बनाना एवं ढलाई
- संग्रहालय की वस्तुओं का परिरक्षण एवं संरक्षण
- ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विचार-विनिमय
- प्रदर्शनी डिज़ाईन करना
- फील्ड कार्य

प्रकाशन-संबंधी गतिविधियाँ

प्रकाशन संबंधी कार्यकलाप ग्रीष्मसत्र में चलाये जाने वाला एक अद्वितीय कार्यकलाप है, जिसमें बच्चों को उनकी अपनी पत्रिका, न्यूज़ लैटर, सुलक्ष्य तथा ग्रीष्मसत्र के दौरान निकाले जाने वाले बच्चों के विशेष समाचारपत्र अक्कड़-बक्कड़ टाइम्स के संपादन, चित्रांकन तथा निर्माण करने का अवसर मिलता है। इस गतिविधि द्वारा बच्चे न केवल अखबार और पत्रिकाओं के निर्माण में काम आने वाली विभिन्न तकनीकों से परिचित होते हैं बल्कि उनमें सृजनशीलता एवं आत्मविश्वास का भी विकास होता है। बच्चों को विभिन्न प्रकाशन गृहों तथा समाचार चैनलों के कार्यालयों में भी ले जाया जाता है। इसके अतिरिक्त यह विभाग विभिन्न विषयों जैसे पुस्तक चित्रांकन, पुस्तक निर्माण, विज्ञापन तैयार करना तथा डिज़ाईन बनाना आदि पर कार्यशालाएँ भी आयोजित करता है, ताकि बच्चे प्रकाशन के विभिन्न पक्षों को जानें व समझ सकें।

राष्ट्रीय बाल संग्रहालय

राष्ट्रीय बाल संग्रहालय, राष्ट्रीय बाल भवन का एक अभिन्न अंग है और इसे बड़े होते बच्चे की मनोवैज्ञानिक स्थिति और उसके अपने आसपास की दुनिया को देखने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। संग्रहालय में बच्चों को आकर्षित करने वाली वस्तुओं का बड़ा संग्रह है, जिसमें कई देशों के खिलौने, गुड़ियाएँ, पत्थर एवं पीतल से बनी कृतियाँ, पारंपरिक आभूषण, बर्तन, कला एवं शिल्प कृतियाँ, वाद्ययंत्र, सिर की पगड़ियों के प्रदर्शन के साथ वायुयानों, सेटेलाइटों तथा ऐतिहासिक भवनों आदि की जानकारी भी एकत्रित है। राष्ट्रीय बाल संग्रहालय देश में अपनी तरह की एक ही संस्था है जिसे राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त है। राष्ट्रीय बाल संग्रहालय इस तथ्य का समर्थन करता है कि बाल संग्रहालय बच्चों के ज्ञान को बढ़ाने और उन्हें विकसित करने का महत्वपूर्ण साधन है।

संग्रहालय अलग-अलग दीर्घाओं में दो प्रकार की प्रदर्शनियाँ प्रस्तुत करता है (i) स्थायी प्रदर्शनी (ii) अस्थायी प्रदर्शनी। संग्रहालय की एक दीर्घा को विशिष्ट रूप से केवल अस्थायी प्रदर्शनियों के लिए रखा गया है जहाँ समय-समय पर किसी विशिष्ट विषय से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाती रहती हैं। स्थायी प्रदर्शनियाँ भी संग्रहालय का विशेष आकर्षण है - इनमें प्रमुख हैं - **हमारा भारत** (8500 वर्ग फीट के दायरे में फैली यह प्रदर्शनी भारतीय जीवन, इसकी जीवन्त संस्कृति, समृद्ध कला एवं शिल्प, धर्मों एवं रीति-रिवाजों की विविधता तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की प्रगति आदि का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत करती है।), **गौरव गाथा** (1855 वर्ग फीट के दायरे में फैली इस प्रदर्शनी में भारत के गौरवमयी अतीत, इसकी संस्कृति युद्धों को दर्शाने वाली मनमोहक कृतियाँ गुड्डे-गुडियों के माध्यम से क्रम से सजाई गई है।) **सूर्य** (8000 वर्ग फीट से भी अधिक क्षेत्र में 'सूर्य' नाम से लगाई गई इस प्रदर्शनी में भारतीय संस्कृति में 'सूर्य' के महत्व के साथ-साथ अन्य सभ्यताओं जैसे मिस्र, मेसोयोटामिया, चीन, ग्रीक आदि में भी सूर्य के स्थान और महत्व को दर्शाती है। सूर्य की उत्पत्ति अर्थात् सौरपरिवार और पृथ्वी आदि भी दिखाई गई है अर्थात् सूर्य का चित्रण पौराणिक तथा वैज्ञानिक, दोनों दृष्टिकोणों से किया गया है।) तथा **पारंपरिक कला एवं शिल्प : भावी पीढ़ी हेतु खजाना** (1700 वर्ग फुट के दायरे में फैली इस प्रदर्शनी में प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियों के नमूने प्रदर्शित किए गए हैं) ये सभी प्रदर्शनियाँ जन सामान्य हेतु खुली हैं।

कोविड-19 के तहत दिशानिर्देशों के आधार पर वर्ष 2020-2021 के दौरान राष्ट्रीय बाल भवन में संगठन बच्चों और आगतुंकों का प्रवेश बंद किया गया।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण संसाधन केन्द्र

इस अनुभाग का उद्देश्य सृजनात्मक कला, निष्पादन कला तथा विज्ञान आदानों के साथ समन्वित प्रशिक्षण प्रदान करना है। शारीरिक शिक्षा, खेलकूद, पुस्तकालय गतिविधियों को प्रशिक्षण हेतु अतिरिक्त आदानों के रूप में शामिल करने के प्रस्तावों पर भी विचार किया जा रहा है। इस अनुभूति की दिशा में प्रशिक्षण को गति प्रदान की जा रही है कि बच्चे के काम को पहचान दी जाए, भले ही बड़ों की दृष्टि में वह कितना नगण्य व सतही लगे, बच्चों की संरक्षण भावना और सृजन की पहल के लिए यह महत्त्वपूर्ण है।

बाल भवन में प्रयुक्त विभिन्न माध्यम एवं पद्धतियों के जरिए अध्यापकगण बच्चों को स्वयंमेव पहचानने उनकी निर्बाध कल्पना व प्रयोगों को प्रोत्साहन तथा सृजनात्मक अभिव्यक्ति, नवोन्मेष व मौलिक तत्व की सामर्थ्य एवं क्षमता विकसित करते हैं। वे विपरीत परिस्थितियों को अनुकूल बनाने और वैज्ञानिक भावना के साथ सकारात्मक भावना आत्मसात करने के लिए सक्रिय माहौल बनाना भी सीखते हैं। कलाओं को शिक्षा एवं अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम बनाने में उनकी मदद के लिए ग्रामीण, अर्द्धग्रामीण तथा शहरी अध्यापकों के लिए व्याख्यान एवं कार्य प्रदर्शन की व्यवस्था की जाती है।

कोविड-19 के तहत दिशानिर्देशों के आधार पर वर्ष 2020-2021 के दौरान राष्ट्रीय बाल भवन में संगठन बच्चों और आगतुंकों का प्रवेश बंद किया गया।

हमारे कार्यक्रम

देशभर में बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए कार्य करने वाली शीर्षस्थ संस्थाओं में से एक संस्था राष्ट्रीय बाल भवन है। राष्ट्रीय बाल भवन इस तथ्य को सामने रखकर कार्य करता है कि भारत में करोड़ों बच्चे ऐसे घर-परिवार से हैं, जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करते हैं और जिनके माता-पिता उनकी प्राथमिक आवश्यकताएँ भी पूरी नहीं कर पाते। इन सबको देखते हुए राष्ट्रीय बाल भवन अपने सभी संसाधनों का प्रयोग करते हुए बाल भवन आंदोलन को देश के कोने-कोने में फैलाने में प्रयासरत है।

राष्ट्रीय बाल भवन आज अपने 127 संबद्ध राज्य बाल भवनों एवं 14 बाल भवन केन्द्रों तथा राष्ट्रीय बाल भवन के अन्तर्गत दिल्ली में चल रहे 49 बाल भवन केन्द्रों के माध्यम से लाखों बच्चों तक पहुँचकर एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। यह संस्थाएँ उन बाल भवनों/निजी संस्थाओं में खुले हुए हैं जो दूरदराज के क्षेत्रें में विभिन्न गैरसरकारी संगठनों के सहयोग से काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय बाल भवन के बच्चों संबंधी कार्यकलाप केवल अपने देश तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रीय बाल भवन संसार के दूसरे क्षेत्रों में रह रहे बच्चों को भी सांस्कृतिक आदान-प्रदान वाले कार्यक्रमों के माध्यम से अपना दर्शन उन तक पहुँचाने का प्रयास करता है। अत: राष्ट्रीय बाल भवन शैक्षिक व मनोरंजक तथा सृजनात्मक गतिविधियों द्वारा बच्चों को शिक्षा देने की कोशिश करता है बल्कि विविध स्थानीय, मंडल स्तरीय, राज्यस्तरीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के द्वारा अधिक से अधिक बच्चों तक पहुँचने का एक संसाधन केंद्र है।

स्थानीय स्तर के कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन कई नवीन कार्यक्रमों के अतिरिक्त नियमित कार्यकलापों को भी आयोजित करता है जिसमें विभिन्न कार्यशालाएँ, सेमिनार एवं संगोष्ठियाँ आदि शामिल हैं। इन सब कार्यकलापों का उद्देश्य बच्चों को बहुआयामी कार्यकलापों में भाग लेने का अवसर देकर उनके अनुभव को बढ़ाना है। ये कार्यकलाप एक ओर उन्हें देश की राष्ट्रीय विरासत, परंपराओं, संस्कृति, कला, शिल्प, साहित्य तथा वैज्ञानिक प्रगति से अवगत कराते हैं तो दूसरी ओर बच्चों के क्षितिज का भी विस्तार करते हैं।

विस्तृत रिपोर्ट

कोविड-19 काल में गृह मंत्रालय द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन किया गया।

सभी साप्ताहिक योजनाएं और वीडियो लिंक वेबसाइट nationalbalbhavan.nic.in पर उपलब्ध हैं। सभी गतिविधि प्रशिक्षकों ने साप्ताहिक योजनाएं प्रस्तुत कीं हैं जो यू-टयूब, फेस बुक और राष्ट्रीय बाल भवन वेबसाइट पर अपलोड किए गए। सदस्य बच्चों ने भी व्हाट्स ऐप या मौखिक कॉल पर प्रशिक्षकों के साथ बातचीत की।

गृहमंत्रालय दिशानिर्देशों के आधार पर समक्ष प्राधिकारी से प्राप्त निर्देशों के अनुसार - सभी कर्मचारियों को कोविड-19 को रोकने और फैलने से रोकने के लिए नियमों का पालन करने के निर्दश दिए गए थे, जिनका कर्मचारियों द्वारा पालन किया गया।

राष्ट्रीय बाल भवन, जवाहर बाल भवन माण्डी और बाल भवन केन्द्रों के गतिविधि कर्मचारियों ने घरेलू निर्देशों से काम किया।

लॉकडाउन 1.0 के दौरान (01 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2020)

गतिविधियाँ अनुभागों को बंद कर दिया गया था और सभी गतिविधियाँ को, कर्मचारियों को राष्ट्रीय बाल भवन अधिकारियों द्वारा घर से काम करने और बच्चों के लिए आभासी रचनात्मक गतिविधियाँ करने के लिए सूचित किया गया था। कुछ कर्मचारियों ने बच्चों के लिए बहुत अच्छे वीडियो बनाए, कुछ ने बच्चों के साथ बातचीत की और कुछ ने लिखित सामग्री पोस्ट की। कुछ कर्मचारियों ने बच्चों के लिए रचनात्मक गतिविधियों को डिजाइन/सुझाव देने के निर्देश दिए। मछली घर और जीवजन्तु कॉर्नर, छायांकन, गृह प्रबन्धन, कम्प्यूटर आदि गतिविधि शिक्षकों ने व्हाट्सएप पर गतिविधियों और बच्चों के लिए फेस बुक पोस्ट किया।

लॉकडाउन 2.0 के दौरान (18 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2020)

सभी गतिविधि अनुभागों को निर्देश थे कि प्रत्येक प्रशिक्षक द्वारा एक साप्ताहिक योजना बनाई जाए और वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। प्रशिक्षकों ने बच्चों के साथ ऑनलाइन वीडियो, पीपीटी, राइट-अप, इंटरेक्शन भी तैयार किये। वेबसाइट पर जूट प्रदर्शनी का एक वर्चुअल भ्रमण भी जोड़ा गया।

सभी कर्मचारियों को आरोग्यसेतु एप डाउनलोड करने और अनुभाग अधिकारी को जानकारी भेजने के लिए निर्देशित किया गया था।

मई, 2020

दिनाँक 1 मई, 2020 महामारी की अवधि के दौरान गतिविधि अनुभागों द्वारा, घर और साथ ही कार्यालय से प्रेरक वीडियो और शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के प्रोत्साहन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों की

वीडियो राष्ट्रीय बाल भवन यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए थे और फेसबुक पर भी सैकड़ों बच्चों और वयस्कों द्वारा देखे गए वीडियो अपलोड किए गए थे साथ ही प्रशिक्षकों ने वीडियो चैट पर कॉल के माध्यम से बच्चों के साथ सहयोग किया था। वैकल्पिक दिनों में 50% उपस्थिति पर कर्मचारियों की डयूटी का रोस्टर परिचालित किया गया है और उनका पालन किया गया। कर्मचारियों को सुरक्षित रहने और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए सभी अनिवार्य निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया गया जिससे राष्ट्रीय बाल भवन को नियमित छात्रों के साथ-साथ गैर-नियमित रूप से भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

फोटोग्राफी/छायांकन अनुभाग द्वारा बच्चों को फोटोग्राफी कंपोजिशन के नियम, मजबूत केन्द्र (बिन्दु), फ्रेम की अगणी, लाइनें, डिवीज़न, तुलनात्मक कथन की जानकारी दी गई। फोटो संपादन, छवि का आकार और जेपीजी और अन्य स्वरूपों में परिवर्तित करें, रंग सुधार, डेटा का संग्रहण, फोटो बनाना, मोबाइल फोन कैमरे का उपयोग, फोटोग्राफी के लिए रचना के नियम, चित्र के लिए खिड़की के प्रकाश का उपयोग करना, उपलब्ध प्रकाश तालिका शीर्ष, उपलब्ध कृत्रिम प्रकाश का उपयोग करके उपलब्ध चीजों के साथ परावर्तक का उपयोग करना, शट्र स्पीड का उदाहरण, उदाहरणों का उदाहरण, चौराहों का अंतर-उदाहरण, फोटोग्राफी में तुलनात्मक कथन का उदाहरण, डाइविंग फ्रेम का उदाहरण आदि से समझाया गया।

मिट्टी कला अनुभाग द्वारा बच्चों को फल-सब्जियों द्वारा स्वान, मोर, बोट, फलों के लिए टोकरी और फूलों का गुलदस्ता, शेर, झोंपड़ी, जोकर फेस बनाना, माँ-बच्चा बनाना, हिरन इत्यादि बनाना सिखाया। प्रकृति के आधार पर हर प्रकार के जानवर, पक्षी, मानव चेहरे बनाना सिखाया। मछली, कछुआ, घोंघा आदि जैसे समुद्री जीवों पर आधारित मूर्तिकला बनाने की जानकारी दी गई।

पर्यावरण अनुभाग द्वारा बच्चों को न्यूटन डिस्क सफेद प्रकाश, मछली की अवधारणा, मछली के कुछ आंतरिक अंग का अध्ययन, पिनहोल कैमरा, प्रकाश का आयताकार सिद्धांत, कागज के साथ मानव कंकाल, स्पिनर - वैज्ञानिक खिलौना, फूड कैचर-बच्चे, विभिन्न जानवरों के भोजन की आदत की पहचान कराई गई, चार्ल्स लॉ-बच्चे हवा के दवाब और तापमान के बीच संबंध को समझाया। तेल और साबुन की क्रिया का निरीक्षण की जानकारी दी गई। ऑस्मोसिस को बच्चे को समझाया। बच्चों को सूर्य घड़ी के बारे में बताया गया। स्पेक्ट्रोस्कोप, स्पेक्ट्रम, मोलस्क के बारे में अध्ययन कराया गया। बच्चों को चन्द्रकलाओं के बारे में बताया गया। वे स्वयं से इसको देखने के लिए गतिविधि करेंगे। बच्चों ने स्वयं डायनासोर के बारे में जाना एवं विभिन्न प्रकार के डायनासोर बनाकर अपना जूरासिक पार्क तैयार किया। ब्रेन केप, सूचक के रूप में हल्दी, विजिवल तैयार किया, वायु और अंतरिक्ष सम्बंध, चुम्बक आदि के बारे में बताया गया।।



बुनाई अनुभाग द्वारा बच्चों को हथकरघा मशीन के पार्टस बुनना, हथकरघा मशीन का संचालन, भारतीय चरखा, गाँठों वाला कालीन कैसे बनाएं, कागज रखने की टोकरी की गतिविधि की जानकारी दी गई। पश्मीना बुनाई-जम्मू एवं कश्मीर, कांजीवरम बुनाई, तमिलनाडू पटोला बुनाई, गुजरात टैंट बुनाई, बंगाल महेश्वरी बुनाई, चन्देरी बुनाई मध्य प्रदेश, बनारासी साड़ी के बेकार कपड़ों से गलीचा, फ्रेंडशिप बैण्ड बनाना सिखाया। अखबार से टोकरी बुनना, बांस की लकड़ी से टोकरी बुनने की जानकारी दी गई। गन्ना/ईख से टोकरी, हाथ का पंखा, ब्रेसलेट, वॉल हैंगिंग, पेन स्टैंड इत्यादि बुनने की जानकारी दी गई।

गृह प्रबंधन अनुभाग द्वारा मूंगफली की बर्फी, मौसम के अनुसार वेजपुलाव, राजस्थानी मंगोड़ी की सब्जी, मसूर पाव, क्रिस्पी हेल्दी आटा के मेथी या नमकपारे आदि बनाना सिखाया गया। रायता बूंदी, गैस पर भुने बैंगन का भरता, खोए के बिना लौकी की बर्फी, रबड़ी, मसाला पनीर आदि बनाना सिखाया गया। चॉकलेट चिस कुकीज, ढोकला, खाण्डवी, वेज मैक्रोनी रोल एवं छेना मुर्गी बनाने की जानकारी दी गई।

शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा प्रतिदिन 12 आसन, सूर्य नमस्कार, योग के लाभों का वर्णन, आयु के अनुसार आहार का वर्णन, वर्तमान मामलों पर चर्चा, शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में नए नियमों पर चर्चा और 10 आसन कराए गए, आसन कैसे किए जाते हैं बताया गया, आसन के लाभों पर चर्चा की गई। आसन में कितने निवारक उपाय हैं। बच्चों को कम से कम एक घण्टा व्यायाम करना चाहिए। प्लैंक, पुशअप, क्रंचेस, स्ट्रेचिंग, ब्रिज लाइट्स, बैक स्ट्रेच। शेखी और ड्रिबलिंग, अंडर आर्म थ्रो, ऑवर आर्म थ्रो, चैस्ट पासिंग और कैचिंग। प्रतिदिन सूर्या नमस्कार, सामान्य रूप से पांच दिन प्रतिदिन 5 मिनट करें, व्यायाम मजबूत करने के बारे में 20 मिनट चर्चा की गई, हमारे शरीर में मौलिक आंदोलन का वर्णन किया गया। पूरे शरीर के मूल आंदोलन का वर्णन किया गया।

चित्रकला अनुभाग द्वारा पैंसिल से ड्राईंग बनाना और रंग भरना - आयु वर्ग 5 से 10 वर्ष, ऑयल पेस्टल रंग की तकनीक - आयु वर्ग 5 से 10 वर्ष, जैमिनी राय शैली की चित्रकला - आयु वर्ग 10 से 15 वर्ष, टेराकोटा, पॉट पेंटिंग - आयु वर्ग 10 से 15 वर्ष, मास्क पेंटिंग बनाना - आयु वर्ग 10 से 15 वर्ष को सिखाया गया। फल ड्राविंग रंग द्वारा (5-10 आयु वर्ग), सब्जी ड्राविंग रंग द्वारा (5-10 आयु वर्ग), टी-शर्ट पेंटिंग (10-15 आयु वर्ग), बुक मार्क बनाने की कला (10-15 आयु वर्ग), पानी का रंग, अभी भी जीवन है। कलर पेंसिल द्वारा ड्राविंग(5-10 आयु वर्ग), पोस्टर रंग तकनीक (5-10 आयु वर्ग), एक्रिलिक चित्रकारी (10-15 आयु वर्ग), डूडल आर्ट (आयु वर्ग 10-15), सॉफ्ट पेस्टल चित्रकारी (10-15 आयु वर्ग) के बच्चों को सिखाई गई।

मिले-जुले अनुभाग द्वारा बच्चों को अखबार से फोटो फ्रेम बनाना, अखबार से ज़िराफ बनाना, अखबार से पैंसिल, टोकरी, स्टैंड बनाना, कार्ड बोर्ड से बिल्ली बनाना, कागज से कछुआ, गुड़िया बनाना, रंगीन पेपरों से मोर बनाना, झोंपड़ी बनाना आदि सिखाया गया। रंगीन पेपर द्वारा पक्षी, फूल, मास्क, पंखा, वॉल हैंगिंग बनाना। कोन वाली गुड़िया बनाना, अखबार से सितारे बनाना, सरकल से पक्षी की पेंटिंग, पेपर से मास्क बनाना, बैलेसिंग वॉल हैगिंग बनाना।

दिनाँक 23 दिसम्बर, 2020 को राष्ट्रीय बाल भवन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक "गूगल मीट" के माध्यम से आयोजित की गई। इस तिमाही बैठक में राजभाषा हिंदी के वार्षिक कार्यक्रम तथा गत बैठक में लिए गए राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निर्णयों पर चर्चा की गई। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में अनुभाग प्रमुख की उपस्थिति में राजभाषा हिन्दी का प्रचार-प्रसार पर चर्चा हुई। इस बैठक में लगभग 10 कर्मचारियों ने भाग लिया।

जनवरी, 2021

भरतनाट्यम अनुभाग में बच्चों को द्वितीय सरिकल अड्डवु का अभ्यास कराया, सिंहमुख हस्त विनियोग के द्वितीय आधा भाग सिखाया। प्रथम 3 स्थानक भेद और प्रथम 2 "तत् तेइ ताहा" अड्डवु का अभ्यास कराया, साथ ही शेष 3 स्थानक भेद और शेष 2 "तत् तेई ताहा" अड्डवु का अभ्यास कराया गया, मंडल भेद का प्रथम आधा भाग कराया गया, तिरमान अड्डवु का अभ्यास कराया गया पाँच जाति अभ्यास कराया गया, भ्रमरी भेद के प्रथम आधे भाग को सिखाया गया। पुष्पांजलि के प्रथम आधे थाम का अभ्यास कराया गया। चारी भेद का प्रथम आधा भाग सिखाया गया। तथा सभी भेदों का अभ्यास कराया गया।

लोक संगीत अनुभाग में बच्चों को राजस्थानी लोक गीत (स्थाई, अंतरा और ताल के साथ अभ्यास) सिखाया गया। मराठी लोकगीत (स्थाई, अंतरा), राजस्थानी लोक गीत (स्थाई, अंतरा और ताहि के साथ अभय अंतरा), हरियाणवी लोकगीत (स्थाई, अंतरा और स्थाई, ताल के साथ अंतरा) इत्यादि सिखाया गया।

कंठ संगीत अनुभाग में बच्चों को सरस्वती वंदना, बाल गीत, देशभक्ति गीत "खिजाओं में बहार", लोहड़ी के पंजाबी लोक गीत - चर्खा चनन दा। राग बंदिश भीमपलासी (स्थाई, अंतरा, विस्तार), राग बागेशरी में चतुरंग (परिचय और स्थाई, अंतरा) आदि सिखाए गए।

लोक नृत्य अनुभाग में बच्चों को राजस्थानी एक नया गीत 'चौमासों' के कुछ बुनियादी पल सिखाए गए।, राजस्थानी गीत चौमासों के तीनों भागों को बारी-बारी से सिखाया गया और अंत में पूर्ण गीत का अभ्यास कराया गया।

छायांकन अनुभाग में बच्चों को ऑनलाइन द्वारा ट्यूटोरियल एप पर जानकारी दी जैसे फूड फोटोग्राफी, फोटो स्टोरी आदि।

रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक्स अनुभाग में बच्चों को पवन ऊर्जा द्वारा बिजली कैसे उत्पन्न करें, ट्रांजिस्टर का अध्ययन कराया गया, स्वचालित नाइट लाइट सर्किट, प्रतिरोधों का अध्ययन, जल स्तर संकेतक, श्रृंखला और समानांतर सर्किट, ट्रांसफार्मर का अध्ययन, केपेसिटर का अध्ययन, सोल्डरिंग टिप्स, मल्टीमीटर का उपयोग आदि की जानकारी दी।

नाटक अनुभाग में बच्चों को नुक्कड़ नाटक थियेटर और एकल अभिनय नाटक के बारे में जानकारी दी गई। नाटक के लक्षण वर्णन, प्रतिक्रिया और भाषण के काम पर भौतिक जानकारी दी गई। चेहरे का व्यायाम वार्म-अप कराया गया इसके अतिरिक्त कई अलग-अलग प्रकार की आवाज़, व्यायाम गतिविधि के बारे में जानकारी दी गई।

संगणक अनुभाग में बच्चों को विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई जैसे:- काली लीनक्स की स्थापना, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल और पॉवरपॉइंट फाइलों को अपने कम्प्यूटर में कैसे सुरक्षित रख सकते हैं। किस प्रकार के डाटा एक्सल फाइलों में रखा जा सकता है। एम.एस.एक्सल लीनक्स (M.S. Excel) में सर्च बॉक्स कैसे बनाए जाते हैं, दो सूत्र रैंड और रैंडबिटवीन का ज्ञान दिया गया, दो एक्सेल शीट में विभिन्न डाटा की तुलना कैसे की जाती है, इफ फॉर्मूला-1 और 2 का उपयोग एक्सेल में कैसे किया जाता है, जो कि एक्सल माइक्रोसॉफ्ट विंडो-10 में नए उपयोगकर्ता कैसे बनाएं और उपयोगकर्ताओं को कैसे प्रतिबंधित करें, एम एक्सेल में मेलमर्ज का उपयोग कैसे कर सकते हैं। स्क्रीन शॉट लेने के तीन तरीके (1) अनधिकृत पहुँच से डाटा को सुरक्षित रखें यहां तक कि व्यवस्थापक भी अपनी फाइलों तक नहीं पहुंच सकते। माइक्रोसॉफ्ट विंडो-10 में रंगीन माउस करसर कैसे प्राप्त करें। ईमेल और जीमेल में क्या अंतर है, ईमेल में सीसी और बीसीसी क्या है। जीमेल को कैसे परिभाषित कर सकते हैं आदि की जानकारी दी गई।

मिले-जुले अनुभाग में बच्चों को रंगीन पेपर से मास्क, सूरजमुखी का फूल, अंगुलियों की आकृति की कठपुतली, चश्मा, आदि बनाना सिखाया। बेकार सामान से चूहा, तितली, मछली, बनाना, अखबार से फोटो स्टैंड बनाना, पेपर कप से घंटी, बत्तख बनाना, पेपर से गाय, बच्चों के मास्क बनाना, मैंगजीन से उड़ने वाली चिड़िया, हाथी का कट आउट, चिड़िया का कट आउट बनाना सिखाया। इसके अतिरिक्त बिल्ली, हाथी, चिड़िया एवं शेर की आकृति की कठपुतली आदि बनाना सिखाया गया।

गृह प्रबंधन में बच्चों को मूंगदाल के लड्डू, पनीर बॉम्बे सैंडविच पकौड़ा, मसाला फ्राई/आलू वैजिस, पालक और प्याज़ स्टीम्ड कटलेट, मसूर दाल स्टीम्ड स्नैक्स, हैल्थी स्टीम्ड सूजी स्नैक्स, पोहा चीज़बॉल, लोबिया दाल चीला पुदीना चटनी के साथ, टमाटर का सूप, सोयाबीन कबाब कॉर्नफ्लैक्स कटलेट्स, लेंटिंन सूप, मशरूम सूप, पालक और मेथी परांठा, मिक्स दाल परांठा, गोभी भरवां परांठा, सोयाबीन भरवां परांठा, चीनी का परांठा, गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा वेज पुलाव इत्यादि सिखाया गया।

संग्रहालय अनुभाग में बच्चों को उनके स्वस्थ संकल्पों से जुड़े रहने के लिए जागरूक किया गया, फलदायक संकल्प करने के बारे में जानकारी दी गई साथ ही उनसे सम्बंधित गतिविधि कराई गई। समय प्रबंधन पर एक कहानी सत्र के माध्यम से समय पर अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही प्रस्तावों पर आधारित गतिविधि कराई गई। बच्चों को मानचित्र पढ़ने के प्रति रूचि और उत्सुक हेतु प्रेरित किया गया। खेल के तरीके से मैप लर्निंग के विषय से परिचित कराया गया। मानचित्र को मज़ेदार तरीके से पढ़ने और समझने का ज्ञान दिया गया, ताकि वह उसे अपने दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों से जोड़ सकें एवं मज़ेदार गतिविधियों द्वारा आकर्षक मानचित्र बनाना सीख सकें। मानचित्र पढ़ने से संबंधित तथ्यों के बारे में बताया गया। भारत के हारवेस्ट फेस्टिवल के बारे में जानकारी दी गई और दुनियाभर में इसके महत्व के साथ-साथ विषय सम्बन्धित भारतीय संग्रहालय पर भी चर्चा की। फसल उत्सवों के विषय और पीपीटी और मजेदार शिक्षा पर आधारित वीडियो के माध्यम से इसके महत्व

से अवगत कराया गया। भारत के त्यौहार और इन त्यौहारों से जुड़ी संस्कृति पर जानकारी दी। हमारी मातृभूमि और भारत के राज्य की खोज के विषय से परिचित कराया गया। भारत के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की जानकारी दी तथा गोवा राज्य से संबंधित कुछ तथ्य सिखाए गए। गोवा के वनस्पतियों, नदियों, मंदिरों की स्थिति से परिचित कराया गया। घर पर झांकी बनाने और गणतंत्र दिवस मनाने की गतिविधि कराई गई। गोवा के रीति-रिवाजों, परंपराओं, लोकनृत्यों, पारंपरिक पहनावों पर जानकारी दी गई। राज्य के व्यंजनों, हस्तशिल्प, त्यौहारों, प्रसिद्ध समुद्र तटों के बारे में समझाया। उपरोक्त सभी गतिविधियों की पीपीटी, वीडियो भी तैयार किए गए।

तबला अनुभाग में बच्चों को ताल के बारहवें प्रकार, ताल रूपक के प्रकार, भजनी थेका तथा भजनी थेका की विविधताओं की जानकारी दी गई।

सितार अनुभाग में बच्चों को राग भोपाली से परिचित कराया गया। इसके आरोह, अवरोह के बारे में बताया गया। राग भोपाली की पहचान तथा बंदिश की जानकारी दी गई।

शारीरिक शिक्षा अनुभाग में बच्चों को उनकी माँसपेशियों मे लचीलापन, ताकत, तथा प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार के व्यायाम करवाये गयें जैसे पुल अप्स, पुश अप्स, स्क्वेटस, सुपरमैनस, क्रन्चेस, चेन अप्स, लेग रेजेस, बर्ड डोग, हाई नीस, बैंच डिप्स, हाई रेजेस, क्रावल इन व्यायामों के अतिरिक्त बच्चों ने अपने घर में रहकर ही जमीनी व्यायामों को किया जैसे बटरफ्लाई पोज़, माऊँटेन पोज़, ट्री पोज़, आर्चर पोज़, फ्रोग पोज़ और पूर्ण रूप से स्वस्थ और और स्फूर्तिदायक महसूस किया। इसके अतिरिक्त बच्चों ने फन व्यायाम भी किए जैसे जम्प अप एंड डाऊन (10 बार), स्पिन अराऊँड इन सर्किल (5 बार), डू कार्टव्हील्स (10 बार), होप लाइक ए फ्रोग (10 बार), वॉक लाक ए बीयर (5 बार)

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हुए शहीदों की याद में मौन दिवस

दिनाँक 30 जनवरी, 2021 को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद तथा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय बाल भवन के समस्त कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थल व अनुभाग में खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा।

फरवरी, 2021

पर्यावरण और मछलीघर अनुभाग में बच्चों ने पेड़ की पत्तियों के आकार, पत्तियों की वेन्स के प्रकारों का पता लगाने के साथ-साथ क्रोमैटोग्राफी सिद्धांतो को भी समझा। पत्तियों के सूखने पर परिवर्तन, एडी करेंट, आरजीबी लाइट्स, सेंट्रीफ्यूगल फोर्स, चुंबकीय क्षेत्र, अंतहीन छवि, मधुमक्खी के बारे में जानकारी, क्लाउन लैब फिश का निरीक्षण आदि की भी जानकारी प्राप्त की।

शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा योग, सूर्य नमस्कार, ध्यान, जूडो आदि फिटनेस गतिविधियों को सिखाया गया।

संग्रहालय अनुभाग में हमारे मूल्यों को को महत्व देना नामक कार्यक्रममें कहानी सुनाना, पी. पी.टी., वीडियों, संग्रहालय की मूल्य भित्ती का भ्रमण आदि गतिविधियों द्वारा नैतिक मूल्यों का महत्व समझाया गया, जिससे वह भविष्य में समझदार जागरुक नागरिक बन सकें एवं उनमें धैर्य निर्माण हो सके। 'ज्ञान मीटर' नामक कार्यक्रम में उनके जिज्ञासु मन को पक्षियों, भूमि एवं जल पशु, कीड़े आदि के बारे में रोचक गतिविधियों द्वारा दिलचस्प तथ्य बताए गए। 'मनाए बसंत का त्योहार' नामक

कार्यक्रम में जिसमें बच्चें को विभिन्न मौसमों के बारे में बताते हुए खेल-खेल में बच्चों का बसंत ऋतु के दौरान मनाए जाने वाले त्योहार बताए गए जिसमें उद्यानोत्सव पर विशेष ध्यान दिया गया। 'आओ हमारी मातृभूमि की खोज करें कार्यक्रम में बच्चों को दिल्ली के एक पड़ोसी राज्य/संघ शासित प्रदेश की संस्कृति के बारे में ज्ञानवर्धक गतिविधियों द्वारा बताया गया।

भरतनाट्यम अनुभाग में बच्चों को दूसरी और तीसरे काल (गीत) में मिश्रचापु ताल बजाना सिखाया गया। ताल को पहली, दूसरी व तीसरी गति में बजाने का अभ्यास कराया गया। सप्त ताल को पढ़ना व स्वरूप को बताया गया। ध्रुव ताल को तिश्र ओर चतुश्र जाति के साथ लगाना सिखाया गया। ध्रुव ताल को खण्ड जाति के साथ बजाना सिखाया गया तथा ध्रुव ताल को तीनो जाति के साथ बजाने का अभ्यास कराया गया।

कंठ संगीत अनुभाग में बच्चों को सरस्वती वंदना (श्लोक और स्तुति), भजन (स्थाई और अंतरा), राजस्थानी लोक गीत (स्थाई और अंतरा ताल के साथ), गजल (स्थाई और अंतरा ताल के साथ) सिखाया गया।

नाटक अनुभाग में बच्चों को विभिन्न विषयों पर वीडियो बनाकर दिखाए जैसे टंग ट्विस्टर अभ्यास, गज़ल कैसे पढ़े, ऑब्जर्वेशन स्किल, खुद की कल्पना, कठिन शब्द बोलने का अभ्यास, गैर-मौखिक अभिनय-1, गैर-मौखिक अभिनय-2, गैर-मौखिक अभिनय-3, संवाद वितरण अभ्यास, रिवीजन साप्ताहिक सभी गतिविधियाँ, वॉयस पिच, स्टार्ट लिसनिंग, इम्प्रूवमेंट, स्क्रिप्ट, प्ले के बारे में डिस्कशन, प्ले राइटिंग वर्क, स्क्रिप्ट वर्क, रीडिंग सेशन और ऑल वर्क के बारे में चर्चा की गई।

लोक नृत्य अनुभाग में बच्चों को राजस्थान के नए लोक नृत्य "घूमर" के साथ संगीत और बिना संगीत के कुछ बुनियादी आंदोलन का नृत्य सिखाया गया।

सितार अनुभाग में बच्चों को सभी भाग के राग भूपाली और राग भूपाली (अंतरा) का पुनरीक्षण सिखाया गया।

तबला अनुभाग में बच्चों को कायदा तीन ताल का प्रथम से चौथा पल्टा सिखाया गया साथ ही सीखी गई तालों का अभ्यास कराया गया।

मिले-जुले अनुभाग में छोटे बच्चों के लिए मनोरंजक वीडियो तैयार किए जैसे :- चार्ट पेपर, पुरानी मैगज़ीन के कागज़ और क्रेप पेपर द्वारा 3डी हाथी, 3डी घोड़ा बनाना, रंगीन पेपर से पक्षी, फोटो फ्रेम, बिल्ली, गाय, पेपर से मुखौटा, 3डी मछली, 3डी घोड़ा तथा झोपड़ी बनाना सिखाया गया।

मिट्टी कला अनुभाग में बच्चों को मिट्टी से विभिन्न प्रकार के जानवर, विभिन्न प्रकार के पक्षी, विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन आदि बनाना सिखाया गया।

बुनाई कला अनुभाग में बच्चों को विभिन्न प्रकार की हथकरघा मशीनों की जानकारी दी गई, सिंथेटिक फाइबर के प्रकार की जानकारी, भारत में विभिन्न राज्यों के जनजातीय वस्त्रों की बुनाई की जानकारी दी गई।

छायांकन अनुभाग में बच्चों को लैंडस्केप फोटोग्राफी पर ट्यूटोरियल..... लैंडस्केप कैप्चर कैसे करें?, वीडियो एडिटिंग और लैंडस्केप फोटोग्राफी पर ट्यूटोरियल आदि दिखाए गए।

गृह प्रबंधन अनुभाग में बच्चों को विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाना सिखाया गया जैसे :- टमाटर और चिली सॉस, शहज़वान सॉस, हरी चटनी के प्रकार, गुड़ इमली सॉस, पौष्टिक पिज्जा रैप, अफगानी पनीर मोमोज, तंदूर के साथ पनीर तंदूरी, बेक्ड मटर कचौरी, चीज परांठा, आटा और दूध का केक, रवा लड्डू, बेसन सूजी के लड्डू, बाजरे के लड्डू, रोअट के लड्डू इत्यादि।

ध्यान एवं योगाभ्यास

कोविड-19 महामारी के संबंध में जारी निर्देशों का पालन करते हुए "सामाजिक दूरी" तथा अनिवार्य रूप से "मास्क" लगाकर दिनाँक 9 फरवरी से 27 फरवरी, 2021 तक राष्ट्रीय बाल भवन में शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा समस्त कर्मचारियों को ग्रुपों के अनुसार ध्यान एवं योगाभ्यास कराया गया। ध्यान एवं योगाभ्यास कराने का उद्देश्य था - कर्मचारियों को फैल रही महामारी से बचाव के उपाय एवं तनाव से मुक्त जीवन रखने एवं दिन-चर्या में सकारात्मक सोच से अच्छा प्रभाव रहे।

बसंत पंचमी उत्सव

राष्ट्रीय बाल भवन में 16 फरवरी, 2021 को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में माता सरस्वती जी की पूजा की गई। इस दौरान श्री मुकेश गुप्ता, उपनिदेशक (प्रशासन) ने सरस्वती माता को माला अर्पण कर फूल चढ़ाऐ। तत्पश्चात् उपस्थित 17 कर्मचारियों ने भी माता को फूल चढ़ाकर मंगल कामना की। इस कार्यक्रम में लगभग 17 कर्मचारियों ने भाग लिया। अंत में सभी सहभागियों को मिठाईयाँ बाँटी गई।

मातृभाषा दिवस

कोविड-19 महामारी के संबंध में जारी निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा मंत्रालय द्वारा भेजे गए लिंक webcast.gov.in/mhrd, education.gov.in एवं education.gov.in/hi से जुड़कर राष्ट्रीय बाल भवन के कर्मचारियों ने दिनाँक 21 फरवरी, 2021 को मातृभाषा दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।

वर्चुअल टॉय फेयर

कोविड-19 महामारी के संबंध में जारी निर्देशों का पालन करते हुए लिंक www.thindiatoyfair.in से जुड़कर राष्ट्रीय बाल भवन के कर्मचारियों ने दिनाँक 27 फरवरी, 2021 वर्चुअल टॉय फेयर कार्यक्रम में भाग लिया।

मार्च, 2021

शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा वार्म अप व्यायाम, सर्किट ट्रेनिंग, जॉगिंग, बैक पर जंप और पैर के नीचे से गुजरना, हैंड वॉक, सिट एंड अप जंप, डक वॉक, लाइट जॉगिंग, शटल रन, ट्विस्ट सिट अप, लंबी कदम कूद, विभिन्न प्रकार की दौड़, सूर्य नमस्कार, फेफड़े, स्क्वाट्स हाफ, उची कोमी को खींचना और उठाना। बच्चों के लिए दैनिक फिटनेस चुनौती जैसे क्रेब वॉक, 20 पुशअप्स, 10 सिट अप्स, 5 कार्टव्हील्स, हैंड स्टैंड, रन इन प्लेस, 4 लंग्स, 5 सिट अप्स, 30 सेकंड प्लैंक, 10 लेग किक, शटल रेस, सूर्य नमस्कार आउटडोर वर्कआउट, लोअर बॉडी स्ट्रेंथ वर्कआउट, फुल बॉडी कंडीशनिंग वर्कआउट, फ्रंट एब्डोमिनल वर्कआउट, मैराथन, एक्सरसाइज आदि फिटनेस गतिविधियों को कवर किया गया।

भरतनाट्यम अनुभाग में बच्चों को दूसरे व तीसरे ताल में मिश्रचपु ताल सिखाई। मिश्रचपु ताल को पहली, दूसरी और तीसरी गति में लगाने का अभ्यास कराया। सीखी हुई लय का अभ्यास, सप्त ताल को रूप से पढ़ना, ध्रुव ताल के रूप में तीसरी और चौथी जत्थियों में इसे लागू करना सीखा। पांच जातियों का अभ्यास करना, ध्रुव ताल को खंड जत्थियों से जोड़ना सीखना, ध्रुव ताल को चौथी जातियों से जोड़ने का अभ्यास कराया गया।

कंठ संगीत अनुभाग में बच्चों को अलग-अलग प्रकार की ठुमरी (ताल के साथ स्थाई, अंतरा), पंजाबी लोक गीत (ताल के साथ स्थाई और अंतरा), भजन (ताल के साथ स्थाई और अंतरा), होली गीत (स्थाई, अंतरा) सिखाया और दादरा शैली का गीत सिखाया गया।

नाटक अनुभाग में बच्चों को स्क्रिप्ट डिजाइन और पोशाक का उपयोग कैसे करें, संगीत के अनुसार दृश्य कार्य और चरित्र चित्रण, अभिनय के लिए आंखों के संपर्क का उपयोग और चरित्र पर ध्यान केंद्रित करने, दैनिक दिनचर्या व्यायाम गतिविधि "दौड़ना" और एक किताब पढ़ने पर भी वीडियो बनाए गए।

लोक नृत्य अनुभाग में बच्चों को संगीत के बिना घूमर नृत्य का चौथा पैराग्राफ सिखाया गया। संगीत के साथ घूमर नृत्य का अभ्यास कराया गया, घूमर नृत्य के अंतिम संगीत भाग का अभ्यास और घूमर नृत्य समाप्त किया तथा पुराने नृत्य जैसे मछुआरे लोक, लावणी नृत्य, चौमासो नृत्य, बिहू नृत्य का अभ्यास कराया गया।

मिट्टी कला अनुभाग में बच्चों को पर्यावरण पर आधारित मॉडल बनाना सिखाया गया।

फोटोग्राफी अनुभाग में बच्चों को नियमित रूप से शिक्षकों द्वारा फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी का ऑन लाइन प्रशिक्षक तथा सम्बन्धित उपकरणों के रखरखाव, फोटोग्राफी रिकॉर्ड और अन्य फोटोग्राफी से संबंधित काम सिखाया गया।

मिले-जुले अनुभाग में छोटे बच्चों के लिए मनोरंजक वीडियो तैयार किए जैसे :- कार्डबोर्ड से बिल्ली बनाना, हाथी का मुखौटा बनाना और रंगीन कागज से पक्षी बनाना, बेकार कागज़ से चूहा बनाना, मुखौटा बनाना, तितली बनाना, रंगीन कागज से दृश्यावली और मधुबनी, वर्ली पेंटिंग, फूल बनाना, रंगीन कागज से स्टार बनाना, बेकार कागज से पक्षी बनाना, पक्षियों के लिए लटकता हुआ घोंसला बनाना, रंगीन कागज से कछुआ बनाना, दीवार पर लटकने वाले लटकन, गुड़िया बनाना, रंगीन कागज से फोटो फ्रेम आदि बनाना सिखाया गया।

बुनाई कला अनुभाग में बच्चों को बुनी हुई पेपर फिश, पेपर क्लिप, ब्रेसलेट, नेकलेस, हेयर बैंड के बारे में जानकारी दी गई और विभिन्न प्रकार के पेपर से बुनाई, टोकरी बुनाई, रिबन बुनाई और डेनिम कपड़े के बारे में जानकारी जैसे विषयों को विभिन्न वीडियो के माध्यम से पढ़ाया गया।

हस्तकला अनुभाग में बच्चों को विभिन्न विषयों जैसे बुकमार्क बनाना, क्रेप पेपर के फूल, पन्नी पेपर क्राफ्ट बनाना, कोलाज बनाना, प्लास्टिक बोतल शिल्प, ओरिगेमी परिचय, ओरिगेमी के प्रकार, ओरिगेमी फूल विधियाँ, तितली शिल्प, लोमड़ी का चेहरा, चीते का चेहरा, डॉग फेस, पिग फेस, क्वाला फेस, पेंगुइन शिल्प, शेर का चेहरा, उल्लू, भालू का चेहरा, हाथी का चेहरा, चूहा, व्हेल मछली आदि ऑनलाइन सिखाये गए। इन कार्यक्रमों की वीडियों भी अपलोड की गई।

पर्यावरण एवं मछलीघर अनुभाग में फूल के भाग, पहेलियाँ, पराग-अवलोकन, तितली की पहचान, कीट पतंगो की पहचान, सिरका और बेकिंग सोडा की प्रतिक्रिया, पदार्थों का पृथक्करण, प्लास्टिक की बोतलों का पुनर्चक्रण और पदार्थों पर बच्चों के साथ ऑनलाइन चर्चा हुई।

ध्यान एवं योगाभ्यास

कोविड-19 महामारी के संबंध में जारी निर्देशों का पालन करते हुए "सोशल डिस्टेंसिंग" तथा अनिवार्य रूप से "मास्क" पहनकर ही दिनाँक 4 मार्च से 31 मार्च, 2021 तक शारीरिक शिक्षा अनुभाग के प्रशिक्षक द्वारा ग्रुपों के अनुसार ही ध्यान एवं योगाभ्यास कराया गया। ध्यान एवं योगाभ्यास कराने का उद्देश्य था - कर्मचारियों को फैल रही महामारी से बचाव के उपाय एवं तनाव मुक्त जीवन एवं दिन-चर्या में सकारात्मक सोच से अच्छा प्रभाव रहे।

हिन्दी कार्यशाला

कोविड-19 महामारी के संबंध में जारी निर्देशों का पालन करते हुए "सोशल डिस्टेंसिंग" तथा अनिवार्य रूप से मास्क पहनकर ही दिनाँक 30 मार्च, 2021 को "हिंदी कार्यशाला" का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कार्यालयी कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ-साथ कुछ उपयोगी अभ्यास कार्य भी कराए गए।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

कोविड-19 महामारी के कारण कार्यालयी कार्यों को सुचारू रूप से कार्यान्वित करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनाँक 31 मार्च, 2021 को "गूगल मीट" द्वारा की गई जिसमें ज्यादा से ज्यादा हिंदी में कार्य करने पर जोर दिया गया और तिमाही की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट - अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिया जाना, भेजे गए मूल पत्रों का ब्यौरा, आगामी कार्य योजना/सुझाव राजभाषा संबंधी नियमों, धाराओं तथा अन्य संबंधित जानकारी से कर्मचारियों को अवगत कराना, कार्यालयी कार्यों में कम्प्यूटर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों से यूनीकोड/राजभाषा हिंदी में टाइपिंग संबंधी प्रमाण-पत्र/सहमति लेना आदि पर भी चर्चा की गई। श्री मुकेश गुप्ता-उपनिदेशक(प्रशासन) ने कहा कि सभी कर्मचारी कार्यालयी कार्यों में हिंदी में सरल एवं स्पष्ट शब्दों का प्रयोग करें जिससे आगामी तिमाही में राजभाषा हिंदी का कार्यालयी कार्यों में प्रतिशतता में वृद्धि होगी। इस बैठक में लगभग 10 कर्मचारियों ने भाग लिया।

जवाहर बाल भवन, माण्डी

संक्षिप्त परिचय

70 के दशक में राष्ट्रीय बाल भवन ने अपने उद्देश्यों के अनुरूप अपना विस्तार किया। इसी दिशा में पहला कदम था देश भर में जवाहर बाल भवनों की स्थापना। दिल्ली के देहात और झुग्गी-झोंपड़ी बहुल दक्षिणी दिल्ली के सीमांत पहाड़ी क्षेत्र में दिल्ली की सीमा में आने वाले अन्तिम गांव 'मांडी' में जवाहर बाल भवन की स्थापना सन् 1972 में की गई जिसे हम ''जवाहर बाल भवन, मांडी या बाल भवन मांडी'' के नाम से जानते हैं।

कार्यशैली

अपनी स्थापना के समय से ही बाल भवन मांडी अपने आसपास के अनेकों वंचित बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा उपलब्ध कराता आ रहा है। बाल भवन, मांडी के आसपास लगभग 15 गांव (मंगलापुरी, सुल्तानपुर, घिटोरनी, गदईपुर, आया नगर, जौनापुर, सतबड़ी, छत्तरपुर, चांदनहोला, फतेहपुर बेरी, असोला, डेरा गांव, भाटी माईन्स, मांडी गांव तथा कुछ हरियाणा राज्य के गांवों ग्वाल पहाड़ी, बालियावास के साथ-साथ अनेकों झुग्गी-बस्तियाँ हैं। इनमें रहने वाले हज़ारों परिवारों के बच्चे प्रतिदिन बाल भवन मांडी के विभिन्न अनुभागों में अनेकों सृजनात्मक गतिविधियों का लाभ लेते हैं।

अनूठा वातावरण एवं शिक्षा पद्धति



बाल भवन की अद्वितीय और रोचक शिक्षण पद्धति इसे औपचारिक शिक्षा पद्धति से अलग बनाती है। जहां एक ओर औपचारिक शिक्षा नियमित पठन-पाठन और आंकलन पर निर्भर होती है वहीं बाल भवन अपने सदस्यों को उनके अनुरूप लचीला और रोचक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराता है। उदाहरण के लिए चित्रकला सीखने वाले दो अलग-अलग बच्चों को औपचारिक अध्ययन में पहले सैद्धांतिक अध्ययन करना अनिवार्य होता है, तत्पश्चात् प्रायोगिक अध्ययन की बारी आती है। जबकि बाल भवन में पहले बच्चे को उसकी रूचि के अनुरूप प्रायोगिक अध्ययन अथवा खेल-खेल में चित्रकला कराई जाती है और जब बच्चे में उसको लेकर और जिज्ञासा जागती है तो उसे रोचक या कहानी के रूप में उस सैद्धांत का अध्ययन को कराया जाता है जोकि पहले रसहीन या उबा देने वाला था। इसी प्रकार का प्रभाव तकनीकी ज्ञान में होता है। बच्चे जब कम्प्यूटर सीखना आरंभ करते हैं तो उन्हें पहले ढेर सारा लेखन कार्य करना होता है जोकि बच्चों को आमतौर पर उबा देने वाला होता है। इसके विपरित यदि उन्हें चित्रमय माध्यम से सीखने और समझने का अवसर दें तो उन्हें और अधिक प्रभावी रूप

से समझ जाएगा। इसके साथ ही यदि किसी तरह उनकी रुचि के अनुरूप समय भी लचीला दे दिया जाए तो वे अपने पूरे मन से, अपनी इच्छानुसार समय पर पूरी रुचि के साथ सीखते हैं।

बाल भवन, मांडी इसी सिद्धांत पर ग्रामीण बच्चों के साथ कार्य करता है। क्योंकि गांव और बस्तियों में बच्चे अपने घर के काम में भी अक्सर व्यस्त रहते हैं। अत: एक नियमित समय पर उनका बाल भवन आना कई बार संभव नहीं हो पाता। अत: ऐसी स्थिति में ही बाल भवन की पूरे दिन बच्चों के लिए उनके अनुसार उपलब्ध रहने का सिद्धांत चरितार्थ हो जाता है और बच्चा पूरे दिन में, पूरे सप्ताह में, पूरे माह में जब भी आए तब ही उसे अपना प्रशिक्षक और अध्याय वहीं मिल जाए।

लाभ और आवश्यकता

किसी भी संस्थान को स्थापित या किसी कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व हम उससे होने वाले लाभ और उसकी मूल आवश्यकता का अध्ययन अवश्य करते हैं। बाल भवन के विषय में इसके संस्थापकों की दूरदर्शिता की प्रशंसा करना आवश्यक है। जिस समय जवाहर बाल भवनों की स्थापना हुई उस समय देश में पर्याप्त संख्या में विद्यालय उपलब्ध नहीं थे। यही स्थिति दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र की भी थी। ज्यादातर आबादी गांव या बस्तियों में ही रहा करती थी। गांव के अधिकतर बच्चे विद्यालय गांव से दूर होने के कारण विद्यालय नहीं जाते थे और वे या तो गलियों में खेलकर या अपने खेल-खलिहानों के कामों में हाथ बंटाते थे। इन बच्चों की प्रतिभा को संजोने और उन्हें विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देने का काम किया बाल भवन मांडी ने। इसका साक्ष्य आज आसपास के गांव के वे वृद्ध और प्रौढ़ हैं जिनकी तीसरी पीढ़ी उनकी अंगुली पकड़कर आज बाल भवन मांडी आती है और वे अपने समय की गतिविधियों का जिक्र करते हैं।

यही संस्कृति आज भी जारी है। गांव और झुग्गी-बस्तियों के बच्चे जिसमें वे बच्चे भी शामिल हैं जो किसी कारण से स्कूल नहीं जाते या जो स्कूल के बाद बचने वाले अपने समय का सदुपयोग करने के इच्छुक हैं वे बाल भवन में आकर अपने समय का सदुपयोग करते हैं और विभिन्न रोचक और मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेते हैं।

कोविड महामारी के दौरान जवाहर बाल भवन, मांडी



शैक्षणिक वर्ष 2020-21 का आरंभ कोरोना महामारी के काल में हुआ। इन विकट परिस्थितियों में बाल भवन मांडी के सामने न केवल गतिविधियों को जारी रखना एक अभूतपूर्व स्थिति थी बल्कि घर में बन्द सभी से कटे हुए रहकर जी रहे बच्चों की मन:स्थिति को भी संतुलित रखने की जिम्मेदारी बाल भवन मांडी के लिए चुनौती बन गई थी। प्रशासनिक कर्मचारियों को जहां एक ओर सभी कार्यों को घर से ही जारी रखने का निर्देश दिया गया वहीं दूसरी ओर सभी कार्यकलाप प्रशिक्षकों को सभी बच्चों के साथ ऑनलाइन चाहे वह मोबाइल के माध्यम से हो या विडियो के



माध्यम से जुड़ कर उन्हें लगातार गतिविधियों में व्यस्त रखकर समय का सदुपयोग करते हुए नाकारात्मक गतिविधियों और विचारों से बचाकर रखना था। इस दौरान बाल भवन मांडी ने बच्चों के साथ रबिन्द्र जयन्ती, क्रिसमस, मांडी दिवस तथा पर्यावरण दिवस, गांधी जयन्ती, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पराक्रम दिवस के अवसर पर बच्चों के साथ विषय आधारित कार्यकलाप करवाते हुए बच्चों के साथ मनाया गया। क्रिसमस और माण्डी दिवस को भी बच्चों के साथ ऑनलाईन मनाया। प्रशिक्षकों ने निरंतर बच्चों के साथ जुड़कर पूरे कोरोना काल में बच्चों से न केवल विभिन्न गतिविधि

याँ करवाईं बल्कि उनको यह भी सिखाया कि किस तरह वे इस आपदा के समय को अवसर के रूप में प्रयोग कर इसमें अनेकों उपयोगी कार्यकलाप सीख सकते हैं। कला एवं शिल्प कला अनुभाग प्रतिदिन बच्चों के साथ जुड़कर विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों को बनाने का तकनीकी और प्रायोगिक ज्ञान बच्चों को देता आ रहा है। बच्चों के साथ घर पर ही रहकर घर में उपलब्ध और प्राथमिक रूप से अनुपयोगी वस्तुओं को प्रयोग कर अनेकों सृजनात्मक कृतियों का निर्माण भी करवाया। इसी तरह कम्प्यूटर अनुभाग ने बच्चों के लिए अनेकों ज्ञानवर्धक ऑनलाइन कक्षाओं का अयोजन किया। इसी दौरान बच्चों के साथ मिलकर उनके द्वारा सांझा की गई सूचनाओं को संकलित कर उनको बाल समाचार-पत्र गुपचुप मांडी टाइम्स के कोरोना अंक को ई पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया। अनुभाग की गतिविधियों के साथ-साथ संगणक अनुभाग जवाहर बाल भवन मांडी के दैनिक कार्यालयी और प्रशासनिक कार्यों में भी अपना निरंतर योगदान देता आ रहा है। कोराना काल के दौरान बच्चों की ई-कक्षाओं के साथ-साथ विभिन्न सृजनात्मक कार्यकलाप, हिन्दी के समस्त कार्य जैसे नोटिंग-ड्राफ्टिंग, कार्यालय आदेश, परिपत्र, डयूटी रोस्टर, बच्चों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रपत्र, कार्यकलाप प्रतिवेदन सूचना संकलन, सभी अनुभागों की विडियो को संपादित कर यू-ट्यूब पर अपलोड करना, ब्लॉग वेबसाईट का अद्यतन, हिन्दी टंकण कार्य, प्रकाशन अनुभाग की डिजिटल पत्रिका ''विचारक बापू और बच्चे'' के लिए हिन्दी का समस्त टंकण कार्य आदि कार्य भी संगणक अनुभाग निरंतर करता आ रहा है। नृत्य अनुभाग विडियो के माध्यम से सभी बच्चों को विभिन्न नृत्य शैलियों का प्रशिक्षण ऑनलाईन देने के साथ-साथ नृत्य की सैद्धांतिक सूचनाएं भी बच्चों के साथ सांझा कर रहा हैं ताकि बच्चें प्रायोगिक ज्ञान के साथ अपना सैद्धांतिक ज्ञान भी बढ़ाते रहें। गांधी जयन्ती पर प्रशिक्षण पश्चात् नृत्य की प्रस्तुति की गई। बापू के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' तथा बापू के जीवन पर आधारित नृत्य की प्रस्तुती भी की गई। इसी प्रकार कंठ संगीत अनुभाग ने विभिन्न गीतों, और रागों का ज्ञान इस दौरान बच्चों को वीडियो कक्षाओं के माध्यम से दिया। गांधी जयन्ती के अवसर पर बच्चों ने अपने-अपने घर से ही प्रशिक्षक द्वारा सिखाए गए गीत को कंठबद्ध कर प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त बच्चों ने विभिन्न गीतों को गाने का अभ्यास भी प्रशिक्षक की देखरेख में किया। हालांकि कुछ प्रशासनिक कारणों से वर्तमान में कंठ संगीत प्रशिक्षक की कक्षाएं बच्चों को उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। वाद्य संगीत, खेल, प्रकाशन और गृह प्रबंधन आदि की गतिविधियों की विस्तृत जानकारियाँ

गुप-चुप मांडी टाईम्स
कोरोना महामारी विशेषांक
Vol. : IV Issue : 1 May 2020 Published by : JBB Mandi, New Delhi

MANDI DIVAS
JBB Mandi was founded on 3rd February 1972. This day is celebrated every year as Mandi Divas

JBB Mandi was founded on 3rd February 1972 by the then Prime Minister and Chairperson National Bal Bhavan. This day is celebrated every year as Mandi Divas. This year it was celebrated for a fortnight with a plethora of activities. Throughout the fortnight celebration children of member schools and institutes along with member schools participated in the varied activities. There were different activities and competitions daily. The celebration began with sports meet, on the following day Children enthusiastically participated in Role play of various characters which also ensured Knowledge enhancement of children. On the subsequent day an on the spot Painting Competition was organized for children in three age groups. Publication related activities were conducted with children of member institutes and member children in the morning and afternoon session respectively. Children learnt how to make greeting card, book marks, note pads and cartoon making too under the guidance of Publication manager. Cultural Competitive Rounds of dance, vocal and instrumental music were held for 2 days in two sessions daily: morning session (member school Children) and Afternoon session (Member Children). Clay modelling workshop and competition was organized in the post noon session on 13th and 14th February. On the finale day of fortnight Celebration of Mandi Divas
Early in the morning Children made huge alpanas at the entrance route. This was followed by a puppet show (traditional and modern) by Sh. Ajit Bhatt and other members of

.......Continued on page No. 3

जाने क्यों कोरोना आया

PERFORMANCE BY CHILDREN AT WORLD BOOK FAIR
7th January 2020
Children of Jawahar Bal Bhavan Mandi was invited by National Book Trust to present cultural programmes at the World Book Fair. The children presented a rich repertoire of dances, songs and instrumental music at Cultural Fiesta at World Book Fair, Pragati Maidan on 7th January 2020. The Chari Dance was greatly appreciated and so was the nakkara recital.

A REVERENCE TOWARDS THE HEROIC LEGENDS
PROTUAPI CHATERJEE (Bal Shree 2006, Kolkata)
Yes there are stars other than Sun, in this universe. The only difference is that we cannot see through our naked eyes. Similarly people who left this earth is still with us. It is just the distance which make got enlarged and us difficult to see them. But that doesn't make their presence false, only the physical touch will be absent.
A little tribute to our legends who left us during this hard time.

INTERNATIONAL LABOUR DAY
International Labour Day... The children of Jawahar Bal Bhavan Mandi observed this day to show their love and regards for their parents as all parents labour and strive hard to provide the best to their children. Each child made two paintings at home one for mother and one for father and presented it to them on this day to show their gratefulness. This activity was done under the mentorship of Gangotree Dasgupta

Jemima Nath
Srishti Doshi
Paramjeet & Nishtha
Tanupriya & Tarun

आगे प्रस्तुत कार्यकलाप प्रतिवेदन में दी जा रही हैं। वर्ष 2020-21 के दौरान अभी तक कुल 115 बच्चों ने सदस्यता हेतु ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है जोकि आरोही क्रम में वृद्धि कर रहा है। बाल भवन मांडी के यू-ट्यूब चैनल का अभी तक सैकड़ों बच्चे लाभ उठा चुके हैं।

परिणाम तथा प्रभाव



बच्चों के पंजीकरण को जारी रखने के लिए बाल भवन मांडी के कम्प्यूटर अनुभाग ने बच्चों को ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराया जिसे बच्चों को व्हाट्सऐप, फेसबुक और वेबसाइट के माध्यम से भेजा गया। अभी तक 100 से अधिक बच्चों ने इस प्रपत्र के माध्यम से विभिन्न कार्यकलाप अनुभागों के लिए अपना पंजीकरण करवाया है। इसके साथ ही बाल भवन मांडी द्वारा चलाई जा रही ऑन लाइन कक्षाओं का ही परिणाम है कि बच्चे न केवल नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होते है बल्कि समय पर कक्षा न आने की स्थिति में सम्बंधित कार्यकलाप के व्हाट्सऐप ग्रुप, ब्लॉग वेबसाइट और यू-ट्यूब पर उपलब्ध बाल भवन मांडी की कक्षाओं के वीडियो का लाभ ले रहे हैं। इसका परिणाम रहा है कि बच्चे घर पर रहकर ही अपनी सुरक्षा भी कर पा रहे हैं और फोन के माध्यम से अपनी आवश्यकतानुसार कक्षाओं के निवेदन भी अपने प्रशिक्षकों तक पहुंचा रहे हैं। प्रतिक्रियास्वरूप बच्चे कला-शिल्प, नृत्य, संगीत, गृह-प्रबंधन आदि कार्यकलापों में सीखाए जा रहे कार्यकलापों को सीख कर उनके स्वयं द्वारा किए गए प्रयोगों को समान माध्यम से सांझा भी कर रहे हैं।



इस ऑनलाइन प्रशिक्षण का प्रभाव यह रहा कि बच्चे अपने घर पर रहकर अभ्यास करने और प्रश्नों की उत्पत्ति करने में व्यस्त हो रहे हैं। परिणामस्वरूप वे किसी भी बुरी संगती से बचे हुए हैं और मानसिक रूप से सजग और एकाग्र होने के साथ-साथ प्रसन्नचित भी रह पा रहे हैं।

कला एवं शिल्प अनुभाग



कोरोना महामारी के दौरान बच्चों को मनोरंजक और सृजनात्मक रूप से व्यस्त रखने में जवाहर बाल भवन मांडी के कला एवं शिल्प अनुभाग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कला अनुभाग द्वारा लगातार बच्चों को साथ लेकर कक्षाओं का नियमित आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह से सभी कक्षाओं में भाग लिया तथा सिखाए गए कार्यकलाप को स्वयं करके सुन्दर कलाकृतियां बनाईं और उनकी छायाचित्र भी सांझा किया। विभिन्न उत्सवों के अवसरों जैसे गांधी जयन्ती, रविन्द्र नाथ टैगोर जयन्ती पराक्रम दिवस (नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती) पर बच्चों को कक्षाओं में अध्ययन के साथ साथ बच्चों को कार्य करके प्रस्तुत करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इनमें से कुछ आकर्षण थे घर पर उपलब्ध अनुपयोगी सामग्री से मिश्रित माध्यम की चित्रकारी, अखबार से फूल बनाना, रविन्द्र नाथ टैगोर जी का पोट्रेट, पेपर मेशी, एल्यूमिनियम फॉइल से मूर्ती रचना आदि रहे। रविन्द्र जयन्ती पर बच्चों से उनके द्वारा रचित कविताओं पर चित्रकला करवाई गई, उनका व्यक्तित्व चित्रण तथा कविताएं लिखवाई गई।

महामारी के कारण ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान बच्चे अपने-अपने घरों में बन्द थे तो उन्हें वातावरण के अनुरूप गतिविधियाँ करवाई गईं जैसे गर्मियों के फलों की चित्रकारी करवाना, कलमकारी की कला से परिचित करवाना और उनका विस्तृत अभ्यास करते हुए उन्हें प्रस्तुत करना सीखाया गया।

गृह प्रबंधन अनुभाग

गृह प्रबंधन अनुभाग ने पूरे वर्ष भर बच्चों को विभिन्न स्वादिष्ट भोजन बनाने की विधि सिखाई और उन्हें पौष्टिक भोजन के साथ-साथ पोषण के महत्व को भी समझाया। बीमारी के दौर में जहां बच्चों को खाने के लिए सीमित विकल्प ही मिल पा रहे थे ऐसे में बाल भवन मांडी के गृह प्रबंधन अनुभाग ने उन्हें विभिन्न पौष्टिक पदार्थों को और अधिक स्वादिष्ट तरीके से बनाना सिखाया। बच्चों ने गतिविधियों के दौरान दी गई जानकारी से लाभ लेकर स्वयं इन व्यंजनों को अपने घर पर पकाया और उनकी फोटो तथा वीडियों सांझा की। कुछ बच्चों ने अपनी पसंद की अन्य पाक सामग्रियाँ जैसे केक, बिस्कुट आदि भी बनाईं और इस विषय में फोटो, बनाने की विधि तथा वीडियो बनाकर शेयर किए ताकि अन्य बच्चे भी उन व्यंजनों को बनाने की विधि जानकर उन्हें बना सकें।

नृत्य कला अनुभाग

नृत्य कला अनुभाग ने पूरे वर्ष भर बच्चों के साथ ऑनलाईन कक्षाओं को नियमित आयोजित किया। बच्चों को इस दौरान न केवल प्रौयोगिक शिक्षण प्रदान कराया गया अपितु उन्हें नृत्य कला से सम्बंधित सैद्धांतिक ज्ञान भी दिया गया। बच्चों ने लगातार अभ्यास जारी रखा और इसकी प्रतिक्रिया देते हुए अपनी विभिन्न प्रस्तुतियाँ अपने घर से ही मोबाइल के माध्यम से वीडियों के रूप में सांझा की। बच्चों को इस दौरान भरतनाट्यम, लोक नृत्य और अन्य क्षेत्रीय नृत्यों का प्रशिक्षण ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न अवसरों/उत्सवों जैसे रबिन्द्र नाथ टैगोर जयन्ती के अवसर पर विशेष नृत्य प्रस्तुति, गांधी जयन्ती के अवसर पर गांधी जी के प्रिय गीतों पर आधार प्रस्तुति, दीपावली के अवसर पर नृत्य प्रस्तुति आदि अनेकों कार्यकलाप बच्चों से ऑनलाइन करवाए गए।

वाद्य संगीत अनुभाग

वाद्य संगीत अनुभाग ने नियमित रूप से कक्षाओं का आयोजन करते हुए बच्चों को इस दौरान विभिन्न तालों का ज्ञान दिया। यंत्रों के अभाव में किस प्रकार अपने घर में उपलब्ध सामग्री का प्रयोग करते हुए कैसे ताल का अभ्यास करें और कैसे हम किसी भी ध्वनि में ताल को कैसे खोज सकते हैं, इसका ज्ञान दिया गया। उदाहरण के लिए बच्चों को किसी फिल्म के गीत में उसकी ताल को पहचानकर उसके साथ ताल मिलाने का प्रयास करना। इस प्रकार के सृजनात्मक प्रयोग इस दौरन ऑनलाइन कक्षाओं में वाद्य संगीत अनुभाग ने किए। अपनी तरह के इस प्रकार के प्रयोग बच्चों को अत्यधिक पसंद आए और इसी के परिणास्वरूप बच्चों ने वाद्य संगीत की ऑनलाइन कक्षाओं में अपनी रुची दिखाते हुए भाग लिया और अपनी वीडियों व्हाट्स ऐप के माध्यम से शेयर की जिन्हें कम्प्यूटर अनुभाग के द्वारा बाल भवन मांडी के यू ट्यूब और ब्लॉग वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया ताकि और बच्चे भी प्रेरित होकर इस विद्या को सीखें।

कंठ संगीत अनुभाग



कंठ संगीत अनुभाग ने बच्चों को इस महामारी के समय में एकाग्र रखने और उन्हें संगीत के माध्यम से अपनी ऊर्जा का सकारात्मक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। नियमित कक्षाओं में बच्चों को विभिन्न त्योहारों पर, देशभक्ति पर और इसी तरह के अनेकों अवसरों पर गीत गाने और सुर ताल का ज्ञान दिया गया। रविन्द्र जयन्ती के उपलक्ष्य में बच्चों को रबिन्द्र संगीत से परिचय करवाया गया। एक कबीर गीत बच्चों को सिखाया गया। बच्चों ने रबिन्द्र जयन्ती पर उनके द्वारा रचित गीत को गाकर उसकी विडियो सांझा की। बच्चों को संगीत के प्रायोगिक ज्ञान के साथ-साथ उसके सैद्धांतिक ज्ञान से भी परिचित किया गया, जिसमें संगीत पद्धति, स्वर, मात्र आदि का ज्ञान दिया गया। बच्चों की एक छोटी सी ऑनलाइन ज्ञान परीक्षा भी आयोजित की गई।

बच्चों ने इन कक्षाओं का सदुपयोग करते हुए न केवल गीत बल्कि भजन आदि का भी सुरमयी ढंग से गायन सीखा। इन कक्षाओं में बच्चों ने रविन्द्रनाथ टैगोर जी के रबिन्द्र संगीत का ज्ञान भी प्राप्त किया और उसे बखूबी से प्रस्तुत किया। प्रशिक्षक ने अनेकों अवसरों पर गीत लिखे और उन्हें स्वरबद्ध किया तथा बच्चों को कंठबद्ध करवाकर बच्चों से प्रस्तुत करवाया। इसी दिशा में गांधी जयन्ती पर उनके द्वारा रचित गीत विशेष आकर्षण रहा जिसे लिखकर और स्वरबद्ध करके बच्चों द्वारा प्रस्तुत करवाया गया।

प्रकाशन अनुभाग

हाल ही में राष्ट्रीय बाल भवन से जवाहर बाल भवन, मांडी भेजे गए प्रकाशन अनुभाग ने बच्चों के साथ फेसबुक तथा व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम् से जुड़कर अनेकों सृजनात्मक कार्यकलापों का आयोजन किया। प्रकाशन अनुभाग ने बच्चों साथ डिजिटल ई-पत्रिका, ई-बाल समाचार-पत्र अक्कड़-बक्कड़ टाइम्स के कोरोना विशेषांक कोरोना डरोना टाईम्स तथा एक बुकलेट ''जानवरों ने खेला बास्केट बॉल'' का ई संस्करण भी प्रकाशित किया गया, ''जब जानवरों ने खेला बास्केट बॉल जिसे प्रकाशन अनुभाग में बच्चों द्वारा तैयार किया गया था, का विमोचन भारत के महमहिम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ऐ.पी.जे. अब्दूल कलाम जी के करकमलों द्वारा वर्ष 2013 में किया गया था और यह उनके द्वारा हस्ताक्षरित भी है। ई समाचार पत्र ''कोरोना डरोना टाइम्स'' में बाल भवन के पूर्व सदस्यों, बालश्री सम्मानित बच्चों तथा राज्य बाल भवन के बच्चों ने भी अपना योगदान दिया। गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में ई-पत्रिका जैसा अद्वितीय कार्यकलाप किया जोकि महात्मा गांधी तथा उनके द्वारा प्रसारित शिक्षाओं पर आधारित था। इसमें न केवल बाल भवन, मांडी बल्कि पूरे भारत के राज्य बाल भवन के बच्चे, बालश्री सम्मानित बच्चे, पूर्व सदस्यों ने अपना योगदान दिया और इसमें अपनी प्रविष्टियाँ भेजीं। अपनी प्रकार की यह पहली पत्रिका है। जिसमें लेखन, नृत्य, गीत, एनीमेशन तथा वाद्य संगीत की प्रस्तुति की गई। इस ई-पत्रिका का विषय है ''विचारक बापू और बच्चे''।

इसके अतिरिक्त बच्चों को ऑयल पेस्टल रंगों का प्रयोग, कार्टून बनाना, ग्रीटिंग कार्ड बनाना, नोटपैड बनाना, कथा समीक्षा तथा पुस्तक समीक्षा के तत्वों की जानकारी, डिजिटल पोस्टर बनाना, समाचार लेखन (रेडियो तथा टीवी), हस्तनिर्मित रेखांकन, पानी के रंगों की सामान्य प्रयोग तकनीक, लेटर प्रेस तथा ऑफसेट छपाई, मिश्रित कला, बुकमार्क मेकिंग, पोस्टर कलर पेन्टिंग, कॉपीराईटिंग उन्मुखिकरण, थम्ब पेन्टिंग आदि कार्यकलाप करवाए गए।

संगणक (कम्प्यूटर) विज्ञान अनुभाग



संगणक (कम्प्यूटर) विज्ञान अनुभाग ने बच्चों को लगातार ऑनलाइन कक्षाएँ उपलब्ध कराई। अचानक आई इस आपदा के समय को किस प्रकार अवसर के रूप में प्रयोग करना है निरंतर बच्चों को यह समझाया। आधारभूत संगणक संचालन से लेकर बच्चों के साथ चर्चा कर उनकी कल्पनाओं को साकार करते हुए बाल भवन मांडी ने इस दौरान बच्चों को ऑनलाइन जोड़कर उनको कार्यकलाप में सक्रिय रूप से साथ लेकर अप्रत्यक्ष रूप से बच्चों से ही बच्चों के बाल समाचार-पत्र गुपचुप मांडी टाइम्स का विशेष 'कोरोना अंक' प्रकाशित किया। प्रकाशन अनुभाग द्वारा निर्मित प्रथम डिजिटल पत्रिका हेतु अपना पूरा योगदान दिया। बच्चों को कक्षाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ लगातार बच्चों के साथ फोन पर भी जुड़े रहते हुए न केवल उनकी कक्षाओं से सम्बंधित प्रश्नों के बल्कि हालात को देखते हुए बच्चों के सभी सवालों के जवाब देने का प्रयास संगणक अनुभाग ने किया। बच्चों की कल्पनाओं और विचारों को लेकर एक डिजिटल केलेण्डर भी बनाया गया है।

बाल भवन मांडी का संगणक अनुभाग न केवल एक कार्यकलाप अनुभाग है बल्कि यह अनुभाग बाल भवन मांडी की ब्लॉग वेबसाइट को चलाता है, सभी अनुभागों की कक्षाओं की ऑडियो-विडियो को उचित रूप से संपादित करके बच्चों तक पहुंचाने की जिम्मदारी निभाता है, दैनिक कार्यालयी कार्यों में अपना निरंतर योगदान देता है और बाल भवन, मांडी में सभी तकनीकी सेवाएं जैसे आपातकालीन परिस्थिति में सीसीटीवी का आधारभूत रख रखाव, बाल भवन मांडी के समस्त संगणक यंत्रों का रख रखाव, सैनेटाईज़र मशीनों का रखरखाव, नेटवर्किंग, फोन आदि उपलब्ध कराता है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थिति होने के कारण बाल भवन मांडी में किसी भी प्रकार की तकनीकी सेवा तत्काल प्राप्त करना अत्यंत कठिन कार्य है। अत: ऐसी स्थिति में संगणक अनुभाग का एक महत्वपूर्ण अनुभाग है।

शारीरिक शिक्षा अनुभाग

शारीरिक शिक्षा अनुभाग ने बच्चों के साथ व्हाट्सऐप के माध्यम से जुड़कर उन्हें लगातार अच्छे स्वास्थ्य और खेल के माध्यम से अकेलेपन में अपने आप को मनोरंजक तरीके से स्वस्थ रखने के ढ़ेरों तरीके सिखाए ताकि बच्चे एकांत में भी नाकारात्मक सोच-विचारों से बचते हुए अपनी ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग कर सकें।

मांडी दिवस

3 फरवरी 2021 को बाल भवन मांडी ने अपना स्थापना दिवस आयोजित किया। कोरोना महामारी की प्रतिबंधित परिस्थितियों में इस दिन का कार्यक्रम पूरी तरह से ऑनलाईन आयोजित किया गया। बच्चों ने अपने-अपने घरों से इसमें भाग लिया। जहां बच्चों ने अपने अपने घरों से विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं जैसे : गीतों का गायन, वाद्य संगीतों की प्रस्तुति और सबसे रोचक रहा कला प्रशिक्षिका द्वारा बच्चों को सीमित समय में सिखाकर प्रस्तुत किए गए मांडी गीत। इसके अतिरिक्त कला एवं शिल्प प्रशिक्षिका द्वारा बनाई गई चलचित्र प्रस्तुति जिसमें बाल भवन के विभिन्न रूपों और बच्चों के द्वारा लॉकडाउन के दौरान किए गए कार्य को प्रस्तुत किया गया था। बच्चों ने वर्चुअली आयोजित किए गए इस कार्यक्रम को खूब पसंद किया और जल्द बाल भवन आने की अपनी चाहत को व्यक्त किया।



दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बाल भवन केन्द्र

क्षेत्र	बाल भवन केन्द्रों की संख्या
दक्षिणी दिल्ली	12
पश्चिमी दिल्ली	12
उत्तरी दिल्ली	13
पूर्वी दिल्ली	12
कुल	**49**

बाल केन्द्रों की स्थापना, बाल भवन की गतिविधियों को अधिक से अधिक बच्चों तक विशेष रूप से उपेक्षित तथा साधनविहीन बच्चों तक पहुँचाने के लिए ही की गई है। राष्ट्रीय बाल भवन के अन्तर्गत दिल्ली के चार क्षेत्रों में 49 बाल भवन केन्द्र स्थापित हैं। ये बाल केन्द्र आसपास के क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के लिए सृजनात्मक केन्द्र के रूप में कार्य करते हैं जो बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान करते हैं, जहाँ वे दृश्य व प्रदर्शन कलाओं के माध्यम से आत्माभिव्यक्ति का अवसर प्राप्त करते हैं। यहाँ बच्चों को स्वस्थ, खुशहाल व तनाव रहित वातावरण में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ उपलब्ध होती हैं। इन केन्द्रों का मूलभूत उद्देश्य आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से वंचित बच्चों के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सहायता करना है, जो किसी भी कारणवश मुख्य बाल भवन की सुविधाओं का लाभ नहीं उठा सकते।

बाल भवन केन्द्र दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों को सीखने के विविध प्रकार के अनुभवों से संप्रेषित कराने के साथ-साथ उनके बौद्धिक विकास तथा उनके सौंदर्यबोध को विकसित करने में भी सहायक हैं।

दिल्ली में स्थित बाल केन्द्रों की सूची

दक्षिणी दिल्ली (12)

1. एम.सी. प्राइमरी स्कूल
   सब्जी मण्डी के समीप, के ब्लॉक
   कालकाजी, नई दिल्ली-110019
2. केन्द्रीय विद्यालय
   एन.सी.ई.आर.टी. केम्पस
   कुतुब होटल के सामने
   दिल्ली-110026
3. केन्द्रीय विद्यालय
   आई.आई.टी. गेट, दिल्ली-110030
4. एम.सी. प्राइमरी स्कूल
   हुमायूँपुर गाँव, नई दिल्ली-110029
5. राजा राम मोहन राय
   सर्वोदय कन्या विद्यालय
   हौजरानी गाँव, मालवीय नगर
   नई दिल्ली-110017

6. प्रयास ऑबजर्वेशन होम फोर बॉयस
कोटला फिरोज़शाह क्रिकेट स्टेडियम के पीछे
दिल्ली गेट, नई दिल्ली–110002

7. चिल्ड्रन्स होम फोर बॉयस (सी.एच.बी.)
डिपार्टमेंट ऑफ सोशल वेलफेयर
गर्वमेंट ऑफ एन.सी.टी. आर्फ दिल्ली
कस्तूरबा निकेतन कॉम्पलेक्स
लाजपत नगर, नई दिल्ली–110024

8. देव समाज मॉर्डन स्कूल नं. 2
सुखदेव विहार, मसीह गढ़ (समीप
एस्कोर्ट हार्ट अस्पताल) नई दिल्ली–110022

9. एम.सी. प्राइमरी स्कूल
सैक्टर–9, आर.के. पुरम, दिल्ली–110022

10. गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल
मदन पुर खादर, दिल्ली–110076

11. योगी अरविन्द सर्वोदया विद्यालय नं. 2
सैक्टर–4, डॉ. अम्बेडकर नगर, दिल्ली–110062

12. विलेज काटेज होम
लाजपत नगर (रिफ्यूजी कालोनी)
कस्तूरबा निकेतन, नई दिल्ली–110024

पश्चिमी दिल्ली (12)

1 सर्वोदय कन्या विद्यालय
समीप डिस्ट्रीक्ट सेंटर, विकास पुरी,
दिल्ली–110018

2 सर्वोदया कन्या विद्यालय
राजौरी गार्डन एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110027

3 एम. सी. प्राइमरी स्कूल
प्रभात रोड, रामजस लेन, करोल बाग
नई दिल्ली–110005

4 बालिका गृह
निर्मल छाया कॉम्पलेक्स
बालिका गृह, जेल रोड
हरी नगर, दिल्ली–110064

5 एम. सी. आदर्श स्कूल,
रानी बाग मुल्तानी मौहल्ला, नई दिल्ली

6 बाबा खड़क सिंह मार्ग
डीआईजेड क्षेत्र, ब्लॉक नं. 82
गेरराज़ बी, 89 के समीप, ब्लॉक राजा बाजार
(बांग्ला साहिब के सामने) नई दिल्ली–110001

7 एम.सी. प्राइमरी बॉयस मॉर्डन स्कूल
मज़लिस पार्क–2, गली नं. 12,
समीप जल बोर्ड, दिल्ली–110033

8 गर्वमेन्ट गर्ल्स सैकेण्ड्री स्कूल
डिप्टी गंज, सदर बाजार,
समीप बारा टूटी चौक, दिल्ली–110006

9 कॉन्टोनमेंट बोर्ड सैकेण्ड्री स्कूल
वार सेमेन्ट्री रोड, उरी एंक्लेव
बारार सक्वेयर, दिल्ली केन्ट, दिल्ली–110064

10 एम.सी. प्राइमरी स्कूल
आदर्श नगर (समीप, मदर डेयरी,
आदर्श नगर पार्क), दिल्ली–33

11 बाल निकेतन
निर्मल छाया कॉम्पलेक्स
जेल रोड, हरी नगर के पास, दिल्ली।

12 एम. सी. प्राइमरी स्कूल
मेट्रो पिल्लर नं. 224, शादी खामपुर गाँव,
पश्चिमी पटेल नगर, नई दिल्ली–110008

उत्तरी दिल्ली (13)

1 एम.सी. मॉडल स्कूल
सी–7, लारेंस रोड, गुरूद्वारा के समीप
दिल्ली–110035

2 प्रतिभा विकास विद्यालय
रोहिणी सैक्टर–11, दिल्ली–110085

3 रिचमण्ड ग्लोबल स्कूल
एन.एस.रोहतक रोड, मिंयावाली नगर
इन्द्र एंक्लेव के सामने, पश्चिम विहार
नई दिल्ली–110081

4 झरोंदा कलाँ वेलफेयर सेन्टर, सी.आर.पी.एफ.
झरोंदा कलाँ केन्द्र, दिल्ली-110072

5 बाल सहयोग भवन डिस्पेंसरी
ई-ब्लॉक, नाँगलोई नं. 2, दिल्ली-110041

6 गर्वमेंट को-एजूकेशनल सर्वोदय सैकेण्ड्री स्कूल
सैक्टर-2, रोहिणी, दिल्ली -110085

7 एम. सी. बालिका विद्यालय
बी. टी. ब्लॉक, समीप सिंगल पुर गाँव
पानी की टंकी, शालीमार बाग, दिल्ली।

8 सर्वोदय विद्यालय
रोहिणी सैक्टर-7, नाहर पुर, दिल्ली-110085

9 एम.सी. मॉडल स्कूल
आई-ब्लॉक, जहाँगीर पुरी मार्किट के समीप
दिल्ली-110033

10 जवाहर नवोदय विद्यालय
मुंगेशपुर, गाँव कुतुब गढ़ के समीप
नई दिल्ली-110039

11 नगर निगम उत्कृष्ट विद्यालय
निमड़ी कालोनी, निमड़ी कालोनी
बस स्टाप के पास, दिल्ली।

12 झलकारी बाई सर्वोदय विद्यालय
जे.जे. कालोनी, वज़ीरपुर, दिल्ली-110052

13 नजफगढ़
सरस्वती शिशु मंदिर
ढिचाउ रोड, समीप बस स्टैण्ड
नजफगढ़, दिल्ली-110043

पूर्वी दिल्ली (12)

1 बाबू राम सीनियर सैकेण्डरी स्कूल
भोला नाथ नगर, गऊशाला के समीप
शाहदरा, दिल्ली-110032

2 सर्वोदय कन्या विद्यालय
डी-ब्लॉक, (समीप आनन्द विहार रेलवे स्टेशन),
आनन्द विहार, दिल्ली-110092

3 एम.सी. प्राइमरी स्कूल
राठी मील के पीछे, बलबीर नगर
शाहदरा, दिल्ली-110032

4 सर्वोदय बाल विद्यालय
पूर्वी विनोद नगर, समीप पॉकेट-सी, मयूर विहार,
फेस-2, बस स्टॉप के पास, दिल्ली-110091

5 शिब्बन मॉर्डन पब्लिक स्कूल
डी-ब्लॉक मेन रोड, बृजपुरी
दिल्ली-110094

6 राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय
ईएसआई के समीप, इन्दिरा गाँधी अस्पताल
गेट नं0 4, सूरजमल विहार, दिल्ली -110092

7 सर्वोदय गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल
विवेक विहार, दिल्ली।

8 एम.सी. प्राइमरी स्कूल
ढक्का चौक के समीप और ढक्का बस स्टॉप,
ढक्का गाँव, दिल्ली-110009

9 एम.सी.डी. प्रोजेक्ट कार्यालय
पुरानी इमारत, ई-ब्लॉक
मेन बस स्टैण्ड के समीप
हनुमान मन्दिर के पीछे, कृष्णा नगर,
दिल्ली-110051

10 सीएचजी (चिल्ड्रन होम फोर गर्ल्स)
संस्कार आश्रम
डिपार्टमेंट ऑफ डब्लूसीडी
गर्वमेंट ऑफ एनसीटी
दिलशाद गार्डन, दिल्ली।

11 सीएचबी (चिल्ड्रन होम फोर बॉयस)
संस्कार आश्रम
डिपार्टमेंट ऑफ डब्लूसीडी
गर्वमेंट ऑफ एनसीटी
दिलशाद गार्डन, दिल्ली।

12 एम.सी.डी. प्राईमरी स्कूल
नत्थू सिंह कालोनी, शाहदरा-110093

संबद्ध राज्यों से प्राप्त रिपोर्ट

बाल भवनों से प्राप्त वर्षपर्यन्त निम्नलिखित कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट

1. किलकारी बिहार बाल भवन

इस वर्ष कोरोना महामारी एवं लॉकडाउन के बावजूद भी ऑनलाइन प्रशिक्षण लगभग 18 ग्रुपों में चलाई गई। अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से किलकारी, पटना, गया, भागलपुर एवं दरभंगा से 5000 बच्चे लाभांवित हुए। 24 अप्रैल, 2020 से "बाल किलकारी" नामक रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण किया जा रहा है। बच्चे अपने आस-पास प्रकृति को, समुदाय के जीव जन्तुओं के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास कर रहे हैं। अब तक 44 अंकों का प्रसारण किया जा चुका है।

"चलो हँसते है" कॉमेडी शो

बच्चों के मानसिक तनाव को दूर करने के उद्देश्य से किलकारी के सीनियर बच्चों की टीम द्वारा "चलो हँसते हैं" के नाम से एक कॉमेडी शो यू ट्यूब चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है।

ग्रीष्मकालीन शिविर

01 से 15 जून, 2020 तक ऑनलाइन ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को 17 विषयों में 50 गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें 36 अन्य राज्यों के 500 बाहरी बच्चों सहित कुल 1500 बच्चे लाभान्वित हुए।

विशेष आकर्षण

"बाल किलकारी" रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से जिलाधिकारी, पटना के साथ बच्चों का संवाद किया गया।

प्रेरणात्मक वक्ता :

1. ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ज्योति बहन के साथ बच्चों का ऑनलाइन संवाद।
2. श्री अमरेन्द्र कुमार से बच्चों का ऑनलाइन संवाद।
3. आनंद कुमार, संस्थापक, सुपर-30 के साथ कैरियर संबंधी प्रेरक संवाद।

बाल दिवस

14 नवम्बर, 2020 बाल दिवस का कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया गया। सभी बच्चों ने अपने घरों में गतिविधियां करके उसका वीडियो भेजा। उसे समेकित करके एक वीडियो बनाया गया और ग्रुप में बच्चों को भेजा गया।

कवि सम्मेलन

शिक्षा दिवस से अवसर पर वरिष्ठ बाल कवियों का कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने गुरू, प्रकृति, पर्यावरण, गोशाला आदि विषयों पर संवेदनशील एवं हास्य कविताओं का पाठ किया।

18 दिसम्बर, 2020 को पुन: बाल अधिकार विषय को लेकर बाल कवि सम्मेलन फेसबुक लाइव किया गया, जिसमें बच्चों ने बाल अधिकारों की बात की और बच्चों कही आवाज को बुलंद करने की बात की गई।

रेडियो प्रसारण कार्यक्रम

कोविड महामारी के दौर में बच्चे घर में रहकर मानसिक रूप से कैसे स्वस्थ और प्रसन्नचित रहें एवं सृजनशील बने रहे। इसी उद्देश्य से बिहार के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ सुदूरवर्ती गाँवों के बच्चों तक पहुँच, उनकी सृजनात्मकता को मंच, बच्चों से जुड़े मुद्दे एवं उनकी विचारधारा पर बात करने हेतु किलकारी बाल भवन द्वारा रेडियो कार्यक्रम प्रसारित किया जा रहा है।

किलकारी ई-पब्लिकेशन

वित्तीय वर्ष 2020-21 में बच्चे घर बैठे मनोरंजक प्रेरक सामग्रियाँ पढ़ सकें एवं अपनी सृजनात्मकता को बनाए रखें इसके लिए किलकारी बेवसाइट के माध्यम से बच्चों को ई-पब्लिकेशन की सुविधा दी गई :-

1. "बाल किलकारी" मासिक पत्रिका का ई-प्रकाशन अप्रैल माह से किया गया।
2. किलकारी बाल भवन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को ई-पुस्तक के रूप में उपलब्ध कराया गया।

तितली उद्यान

किलकारी बाल भवन बिहार में पहला तितली उद्यान खोला गया जिसमें 62 तरह की तितलियों की प्रजातियाँ उपलब्ध हैं। इस उद्यान में तितलियों की 30 प्रजातियों पर अनुसंधान कार्य किया जा रहा है।

2. जिला बाल कल्याण परिषद, बाल भवन हिसार

इस वर्ष कोरोना महामारी एवं लॉकडाउन के बावजूद भी ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया।

सिलाई-कढ़ाई की अध्यापिका द्वारा मास्क तैयार करवाए गए और जरूरत मंद एवं झुग्गी-झोंपड़ियों में गरीब बच्चों को 10,000 मास्क, सैनीटाईजर एवं हाथ धोने के साबुन वितरित किए गए। कोरोना से बच्चों के बचाव के लिए जागरूक किया गया।

लॉकडाउन के दौरान प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जैसे :-

- एकल गान प्रतियोगिता : (तीन ग्रुपों में 3-5 आयु वर्ग, 6 से 10 आयु वर्ग, 11 से 14 आयु वर्ग तक के बच्चों के लिए)

- नृत्य प्रतियोगिता : (तीन ग्रुपों में 3 से 5 आयु वर्ग, 6 से 10 आयु वर्ग, 11 से 14 आयु वर्ग तक के बच्चों के लिए)
- भाषण प्रतियोगिता : (दो ग्रुपों में 6 से 10 आयु वर्ग, 11 से 14 आयु वर्ग तक के बच्चों के लिए)
- कविता प्रतियोगिता : (दो ग्रुपों में 3-5 आयु वर्ग, 6 से 10 आयु वर्ग तक के बच्चों के लिए)
